[O.M. No. 1/14011/1/75-OL (A-1), dated 3-5-73, S. No. 50]

[O.M. No. 1/12021/3/84-OL (A-1), dated 23-8-1984, S. No. 51]

Use of Hindi in conversation during visits abroad.

2.18 Whenever officials and Indian delegations go abroad, if they use Hindi in conversation with their colleagues and counterparts, it will enhance the prestige of the country.

[O.M. No. 1/14034/6/85-OL (A-1), dated 28-1-1986. S. No. 43]

Printing of manuals, forms, codes bilingually (in diglot form).

2.19 All forms, manuals, codes should be printed bilingually both in Hindi and in English (in diglot form). Hindi headings should come first followed by English headings, on the forms. The type used for Hindi letters should not be smaller in size than that used for English letters.

[O.M. No. 12012/5/76-OL (B), dated 31-8-1976, S. No. 44]

Making available bilingual forms

2.20 It should be ensured that no form is printed or issued in one language only. If in any special circumstances any form is printed in Hindi and in English separately in both the languages, in that case both the Hindi and English versions should be made available at all places and it should be ensured that the members of public get the form in either language according to their choice.

[O.M. No. 12012/11/78-OI (B-1), dated 8-9-1978, S. No. 45]

Agenda/Notes on Agenda/Minutes of Conferences, Meetings in Hindi/English in bilingual form.

2.21 Agenda, notes on agenda and minutes of Inter-departmental and departmental Meetings and Conferences of Ministries/Departments and Attached & Subordinate offices of Central Government located in Hindi speaking areas and Companies as well as corporations owned or controlled by them, should be issued both in Hindi and English. Only those subjects could be exception which are required to be included in the agenda at the last stage.

[O.M. No. 14-3-69-O.L., dated 13-8-70, S. No. 46]

[O.M. No. 11018/9/74-O.L., dated 12-3-74, S. No. 47]

[O.M. No. 11018/9/74-O.L., dated 12-3-74, S. No. 48]

Use of Hindi on badges

2.22 Officers/employees of Central Govt. should wear their service or office badges in Hindi also besides English. Since emblems and service badges to be worn on caps and shoulders are the symbols of organisation and service, they may be prepared in Devanagari alone. The names to be embroidered on uniforms should also be embroidered in both the languages. These orders are applicable to all uniform wearing officers/employees of Central Govt. working in all the states.

[O.M. No. 1/14011/5/77-O.L. (A-1), dated 15-7-77, S. No. 53]

[O.M. No. 1/14011/5/77-O.L. (A-1), dated 29-12-77, S. No. 54]

[O.M. No. 1/14011/5/77-O.L (A-1), dated 22-7-78, S. No. 55]

Entries in Service-Books of Class III/Class IV employees.

2.23 Entries in the Service-books of Class-III and Class IV employees working in Central Govt. offices located in Hindi-speaking areas should be made in Hindi. However, in offices where class III employees are generally transferred from Hindi-speaking states to Non-Hindi-speaking states or in cases where persons go

अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/समारोहों में राजभाषा हिंदी को उचित स्थान

2.16 अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/समारोहों में देश की राजभाषा हिन्दी को उचित स्थान दिया जाए और इस संबंध में छपने वाले साहित्य, पोस्टरों, बैनरों, बैजों आदि में हिन्दी का प्रयोग किया जाए।

[का०ज्ञा०सं० 14033/7/79-रा० भा०, दिनांक 27-7-79, क्रम सं० 22

प्रदर्शनियों में हिंदी का प्रयोग

2.17 हिन्दी भाषी क्षेत्रों में या उन क्षेत्रों में जहां की अधिकांश जनता हिन्दी समझती है, प्रदर्शनियों में प्रचार माध्यम के रूप में हिन्दी का अधिकाधिक इस्तेमाल किया जाए। इन क्षेत्रों में प्रदर्शनियों में प्रचार सामग्री भी यथासंभव हिन्दी में उपलब्ध कराई जाए। ट्रेड फेयर ऑथारिटी आफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों में भाग लेने वाली सरकारी तथा सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थानों द्वारा प्रदर्शनियों आदि में हिन्दी का उपयुक्त प्रयोग किया जाए और अपने मंडपों में वस्तुओं के नाम/परिचय आदि देने में हिन्दी का समुचित प्रयोग किया जाए।

[का० ज्ञा० सं० 1/14011/1/75-रा० भा० (क-1), दिनांक 3-5-73, क्रम सं० 50]

[का० ज्ञा० सं० 1/14021/3/84-रा०भा० (क-1), दिनांक 3-8-84-संकलन, क्रम सं० 51]

विदेश यात्रा के दौरान बातचीत में हिंदी का प्रयोग

2.18 जब भी अधिकारी तथा भारतीय शिष्ट मंडल विदेशों की यात्रा पर जाएं तो अपने साथियों और समकक्ष सहयोगियों के साथ बातचीत में हिन्दी का प्रयोग करें तो इससे देश का गौरव बढ़ेगा।

[का० ज्ञा० सं० 1/14034/6/85-रा० भा० (क-1), दिनांक 28-1-86, क्रम सं० 43]

मैनुअलों, फार्मों, कोडों आदि की हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषी (डिगलॉट रूप में) छपाई

2.19 मैनुअल, फार्म, कोड आदि हिन्दी-अंग्रेजी (डिगलॉट रूप में) द्विभाषी छपाए जाएं। फार्मों आदि के हिन्दी शीर्षक पहले दिए जाएं और अंग्रेजी शीर्षक बाद में। हिन्दी अक्षरों के टाइप अंग्रेजी से छोटे न हों।

(का० ज्ञा० सं० 12012/5/76-रा० भा० (ख), दिनांक 31-8-76, क्रम सं० 44]

फार्मों का द्विभाषी उपलब्ध करवाना

2.20 यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी फार्म न तो एक भाषा में छपे न ही एक भाषा में जारी किया जाए। यदि किसी विशेष स्थिति में कोई फार्म हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में अलग अलग छपे तो उस फार्म के हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तर सभी जगह उपलब्ध रहने चाहिएं और इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि जनता का कोई व्यक्ति इनमें से जिस भाषा का फार्म मांगे वह फार्म उस भाषा में उसे मिल सके।

[का० ज्ञा० सं० 12012/11/78-रा० भा० (ख-1), दिनांक 8-9-78, क्रम सं० 45]

सम्मेलनों, बैठकों की कार्यसूची/कार्यसूची की टिप्पणियां/कार्यवृत्त हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषी रूप में

2.21 मंत्रालयों/विभागों तथा हिन्दी भाषी क्षेत्रों में स्थित केन्द्रीय सरकार के संबद्ध तथा अधीनस्थ कार्यालयों और उनके नियंत्रण में या स्वामित्व में काम करने वाली कंपनियों तथा निगमों की अंतर-विभागीय तथा विभागीय बैठकों व सम्मेलनों की कार्यसूची, कार्यसूची की टिप्पणियों और कार्यवृत्त का हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जारी किया जाए। जो विषय बहुत बाद में कार्यसूची में शामिल किए जाने आवश्यक हैं, उनके लिए अपवाद हो सकता है।

[का० ज्ञा० सं० 14-3-69-रा० भा०, दिनांक 13-8-70, क्रम सं० 46]

[का० ज्ञा० सं० 11018/9/74-रा० भा०, दिनांक 12-3-74, क्रम सं० 47]

[का०ज्ञा०सं० 11018/9/74-रा०भा०, दिनांक 12-3-74 क्रम सं० 48]

बिल्लों पर हिंदी का प्रयोग

2.22 केन्द्रीय सरकार के अधिकारी/कर्मचारी अपनी सेवा अथवा कार्यालय नाम के बिल्ले अंग्रेजी के साथ-साथ हिन्दी में भी लगाएं। टोपी और कन्धे पर लगाए जाने वाले प्रतीक चिह्न और सेवा संबंधी बिल्ले जो संगठन और सेवा के प्रतीक होते हैं, केवल देवनागरी में तैयार किए जा सकते हैं। वर्दियों पर काढ़े जाने वाले नाम भी दोनों भाषाओं में काढ़े जाएं। यह आदेश केन्द्रीय सरकार के सभी राज्यों में काम कर रहे वर्दी पहनने वाले कर्मचारियों/अधिकारियों पर लागू होते हैं।

[का० ज्ञा० सं० 1/14011/5/77-रा० भा० (क-1), दिनांक 15-7-77, क्रम सं० 53]

[का० ज्ञा० सं० 1/14011/5/77-रा० भा० (क-1), दिनांक 29-12-77, क्रम सं० 54]

[का० ज्ञा० सं० 1/14011/5/77-रा० भा० (क-1), दिनांक 22-7-78, क्रम सं० 55]

तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवा पंजियों में प्रविष्टियां

2.23 हिन्दी भाषी क्षेत्रों में स्थित केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में काम करने वाले तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की सेवा पंजियों (सर्विस बुक) में प्रविष्टियां हिन्दी में की जानी चाहिए। तथापि, ऐसे कार्यालयों में, जिनमें तीसरी श्रेणी के कर्मचारी आम तौर पर हिन्दी भाषी राज्यों से अहिन्दी भाषी राज्यों में स्थानान्तरित

out on deputation likewise, arrangements should be made to provide English translation of entries recorded in the Service books in Hindi of those employees who are either so transferred or sent out on deputation. Where Hindi equivalents used in the Service books have not yet been finalised their English equivalents may be given in brackets in the initial stages. Once authoritative texts of the relevant rules etc. become available, this practice should be dispensed with.

[O.M. No. 6/65/68/O.L., dated 19-8-68, S. No. 56]

[O.M. No. 11015/43/72-O.L. (A-1), dated 8-2-74, S. No. 57]

Entries in Peon-Books

2.24 Entries in the Peon-books should be recorded in Hindi by the Central Government offices located in Regions 'A' and 'B'.

[O.M. No. 11015/14/74-O.L. (A-1), dated 30-10-74, S. No. 58].

Description in Hindi also on the commodities manufactured by Public undertakings

2.25 The description on the commodities manufactured by various undertakings of the Central Govt. should be given in Hindi also, besides English.

[O.M. No. 14011/1/76-O.L. (A-1), dated 27-2-76, S. No. 107]

Publication of Reports presented in the annual meetings of Govt. Companies, Corporations etc. in Hindi also

2.26 The reports presented by the Chairman etc. at the annual meetings of Shareholders of Govt. Companies/Corporations etc. should be published in Hindi also, and where a summary of proceedings of the meeting as well as that of annual reports is published in Newspapers, their Hindi text should also be got published in the Hindi Newspapers.

[O.M. No. 11015/8/73-O.L., dated 8-8-74, S. No. 12]

Specifying notified offices for use of Hindi

2.27 In all such Central Govt. Offices, situated in Regions 'A' and 'B' of Official Language Rules, which have been notified under rule 10(4), all employees who possess proficiency in Hindi should with effect from 1-4-1988 submit drafts of the following categories of communications only in Hindi :—

(1) All communications to State Governments or U.T. Administrations in Regions 'A' and 'B' and all offices, undertakings etc. of Central Govt. situated in these Regions or any person in these Regions.

(2) Replies to all communications received in Hindi.

(3) Reply to any application, appeal or representation from any employee written or signed in Hindi.

2. In accordance with the definition of 'Central Govt. Offices' as given in rule 2(b) of Official Languages Rules, 1976, these orders shall apply to offices of all Ministries/Departments and their attached and subordinate offices and all Corporations, Companies or Nationalised Banks etc. owned or controlled by Central Government.

3. Ministries/Departments/Offices of Central Govt. and Undertakings, Banks etc. owned or controlled by Central Govt. may if they so desire issue orders under Rule 8(4) for use of Hindi only for any purpose other than the purposes mentioned in para 1, by employees possessing proficiency in Hindi, keeping in view the nature of work and circumstances of their Department/Office etc.

4. All Ministries/Departments and their attached and subordinate offices, undertakings, Nationalised Banks etc., should organise workshop for training of their employees who possess proficiency in Hindi and those who supervise the work of such employees before 1-4-1988 so that such employers may get necessary practice to submit the drafts in Hindi and to approve such drafts.

[O.M. No. 1/14013/9/87-O.L. (A-1), dated 23-11-87]

Use of Hindi in Training Institutes

2.28 Arrangements for teaching in the training institutes of Central Government should be made as under :—

1. Teaching material may be got prepared in both the languages and made available to the trainees in either Hindi or English as required by them, in all the Training Institutes of the Central Govt., irrespective of the region in which they are located.

2. If there is an examination at the end of or during the course of training, the question paper for such an examination may

होते रहे हैं, अथवा ऐसे मामलों में जहां कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर इसी प्रकार बाहर चले जाते हैं, जिन कर्मचारियों को इसी प्रकार स्थानान्तरित अथवा प्रतिनियुक्ति पर बाहर भेजा जाए, उनकी सेवा पंजियों में हिन्दी में दर्ज की गई प्रविष्टियों का अंग्रेजी अनुवाद भी देने की व्यवस्था कर दी जाए। जहां सेवा पंजियों में इस्तेमाल में आने वाले हिन्दी के पर्यायवाची शब्दों को अंतिम रूप न दिया गया हो वहां प्रारम्भ में उनके अंग्रेजी पर्यायवाची शब्द प्रकिट में दे दिए जाएं। संबंधित नियमों आदि के प्राधिकृत पाठ एक बार उपलब्ध हो जाने पर इस पद्धति को छोड़ दिया जाए।

[का० ज्ञा० सं० 6/65/68-रा० भा०, दिनांक 19-8-68, क्रम सं० 56]

[का० ज्ञा० सं० 11015/43/73-रा० भा० (क-1), दिनांक 8-2-74, क्रम सं० 57]

पियन बुकों में प्रविष्टियां

2.24 "क" और "ख" क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों द्वारा पियन बुक में प्रविष्टियां हिन्दी में की जाएं।

[का० ज्ञा० सं० 11015/14/74/रा० भा० (क-1), दिनांक 30-10-74, क्रम सं० 58]

सरकारी उद्यमों द्वारा तैयार किए जाने वाले माल पर विवरण हिंदी में भी देना

2.25 सरकार के विभिन्न उद्यमों द्वारा तैयार किए गए माल पर विवरण अंग्रेजी के साथ-साथ हिन्दी में भी दिए जाएं।

[का० ज्ञा० सं० 14011/1/76-रा० भा० (क-1), दिनांक 27-2-76, क्रम सं० 107]

सरकारी कंपनियों, निगमों आदि की वार्षिक बैठकों में प्रस्तुत रिपोर्टों का हिंदी में भी प्रकाशन

2.26 सरकारी कंपनियों/निगमों आदि की शेयर होल्डरों की वार्षिक बैठकों में अध्यक्षों आदि द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली रिपोर्ट हिन्दी में भी प्रकाशित की जाएं और जहां बैठक की कार्यवाही तथा वार्षिक रिपोर्ट का सारांश समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाता है वहां उनके हिन्दी पाठ को हिन्दी समाचार पत्रों में भी प्रकाशित कराया जाए।

[का० ज्ञा० सं० 11015/8/73-रा० भा०, दिनांक 8-8-74, क्रम सं० 12]

अधिसूचित कार्यालयों को हिंदी का प्रयोग करने के लिए विनिर्दिष्ट करना

2.27 "क" और "ख" क्षेत्रों में स्थित केन्द्रीय सरकार के सभी कार्यालयों में, जो राजभाषा नियम 10 (4) के अन्तर्गत अधिसूचित किए गए हैं, हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त सभी कर्मचारी 1-4-88 से निम्नलिखित पत्र आदि का, प्रारूप केवल हिन्दी में प्रस्तुत करें।

(1) "क" तथा "ख" क्षेत्र की राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन और इन क्षेत्रों में स्थित केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों, उपक्रमों आदि और गैर सरकारी व्यक्तियों को जाने वाले सभी पत्रादि।

(2) हिन्दी में प्राप्त सभी पत्र आदि के उत्तर।

(3) किसी कर्मचारी द्वारा हिन्दी में दिए गए या हस्ताक्षर किए गए आवेदन, अपील या अभ्यावेदन का उत्तर।

2. ये आदेश राजभाषा नियम 1976 के नियम 2 (ख) में केन्द्रीय सरकार के कार्यालय की परिभाषा के अनुसार केन्द्रीय सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालय और केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में या नियंत्रण के अधीन सभी निगम, कम्पनी या राष्ट्रीयकृत बैंक आदि पर लागू होंगे।

3. केन्द्रीय सरकार के मंत्रालय/विभाग/कार्यालय/उपक्रम/बैंक आदि अपने विभाग/कार्यालय आदि के काम और परिस्थिति को देखते हुए यदि ऊपर पैरा 1 में दिए गए प्रयोजनों के अलावा अपने विभाग/कार्यालय आदि में हिन्दी प्रवीणता प्राप्त कर्मचारियों द्वारा किसी प्रयोजन के लिए हिन्दी में काम करने का निदेश देना चाहे तो वे इस बारे आदेश नियम 8 (4) के अधीन स्वयं जारी करेंगे।

4. सभी मंत्रालय/विभाग/कार्यालय/उपक्रम/राष्ट्रीकृत बैंक आदि उपरोक्त आदेश को कार्यान्वित करने के लिए अपने कार्यालयों आदि में हिन्दी में प्रवीणता-प्राप्त कर्मचारियों/अधिकारियों और उनके ऊपर काम देखने वाले अधिकारियों के लिए कार्यशालाओं का दिनांक 1-4-88 के पहले आयोजन कर लें, जिससे इन कर्मचारियों/अधिकारियों को हिन्दी में प्रारूप प्रस्तुत करने और उनका अनुमोदन करने का आवश्यक अभ्यास हो जाए।

[का० ज्ञा० सं० 1/14013/9/87-रा० भा० (क-1), दिनांक 23-11-87]

प्रशिक्षण संस्थानों में हिंदी का प्रयोग

2.28 केन्द्रीय सरकार के प्रशिक्षण संस्थानों में निम्न प्रकार से पढ़ाने की व्यवस्था की जाए :—

1. केन्द्रीय सरकार के सभी प्रशिक्षण संस्थानों में चाहे वे किसी भी क्षेत्र में स्थित हों, प्रशिक्षण सामग्री दोनों भाषाओं में तैयार कराई जाए और प्रशिक्षणार्थियों की मांग के अनुसार हिन्दी या अंग्रेजी में उन्हें उपलब्ध कराई जाए।
2. यदि प्रशिक्षण के दौरान या अंत में परीक्षा ली जाती हो तो ऐसी परीक्षा में प्रश्न पत्र दोनों

be got prepared in both the languages and trainees may be given the option of answering the question either in Hindi or in English.

3. The training may be imparted in Hindi in courses for which candidates from only 'A' and 'B' regions participate. But if trainees desirous of obtaining training in English, are in adequate number, arrangements may be made to impart them training in English also.

4. In the training courses for which trainees come from 'C' region or from all regions, training may be imparted in English. But if trainees desirous of getting training in Hindi, are in adequate number, arrangements may be made to impart them training in Hindi.

5. Where trainees desirous of getting training in Hindi, are not in adequate number, there also, as far as possible, persons having knowledge of both Hindi and English may be called for lectures so that trainees are able to ask questions either in Hindi or in English according to their convenience.

6. The instructors of training institutes should possess the working knowledge of both Hindi and English languages. The instructors who do not have the working knowledge of Hindi may be imparted training in Hindi language. Arrangements will be made for running short-term intensive training courses in the Kendriya Hindi Prashikshan Sansthan under Department of Official Language for this purpose.

7. If qualified instructors for imparting training in Hindi are not available in an institute where training is required to be imparted in Hindi according to the above guidelines, training may be imparted in a mixed language of Hindi and English.

These directions shall be applicable to the Undertakings & Banks etc. owned or controlled by Central Governments.

These directions shall apply to the training courses beginning after 1st January, 1989. The training institutes may in the meantime, make necessary arrangements for the implementation of these directions such as translation of training material in Hindi and training of instructors to give them working knowledge of Hindi etc.

[O.M. No. 13034/50/87-O.L. (C), dated 6-11-87]

Collecting of information regarding number of employees having working knowledge of Hindi & notifying offices in the Gazette.

2.29 Statistics regarding such employees should be collected as have working knowledge of Hindi and the offices, where 80% or more employees (excluding group 'D') have working knowledge of Hindi should notified in the Official Gazette under O.L. rule 10(4). A copy of the notification should also be sent to the Department of Official Language.

[O.M. No. 1/14011/18/76-O.L. (A-1), dated 24-1-77, S. No. 90]

भाषाओं में तैय ‹ कराए जाएं तथा प्रशिक्षणार्थियों को इस ‹ ा की छूट दी जाए कि वे प्रश्नों का उ ‹ र हिन्दी या अंग्रेजी में दे सकते हैं ।

3. यदि किसी प्रशि ‹ ण पाठ्यक्रम में केवल "क" तथा "ख" क्षेत्र से प्रशिक्षणार्थी आते हैं तो वहां सामान्यतय हिन्दी में प्रशिक्षण दिया जाए । परन्तु य ‹ पर्याप्त मात्रा में प्रशिक्षणार्थी अंग्रेजी में प्रशिक्ष ‹ लेना चाहे तो उनके लिए अंग्रेजी में भी प्र ‹ क्षण देने की व्यवस्था की जाए ।

4. जिन प्रशि ‹ ण पा ‹ क्रमों के लिए "ग" क्षेत्र से या सभी ‹ त्रों से ‹ शिक्षणार्थी आते हैं वहां अंग्रेजी में प्रशिक्ष ‹ दिया जा सकता है । परन्तु यदि पर्याप्त संख्या ‹ प्रशिक्षणार्थी हिन्दी में प्रशिक्षण लेना चाहें, तो ‹ नके लिए हिन्दी में प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जाएं ।

5. जहां पर्याप्त संख्या ‹ हिन्दी में प्रशिक्षण पाने के इच्छुक प्रशि ‹ णार्थी ‹ हों वहां भी, जहां तक संभव हो सके, ऐसे ‹ क्तियों को भाषण के लिए, बुलाया जाए जो हि ‹ ी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं का ज्ञान रखते हों, ‹ ाकि प्रशिक्षणार्थी अपनी सुविधानुसार हिन्दी या अंग्रेजी में प्रश्न पूछ सकें ।

6. प्रशिक्षण संस्थाओं के प्रशिक्षकों को हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओ ‹ का कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए । जिन ‹ शिक्षकों को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप ‹ न हो उन्हें हिन्दी भाषा का प्रशिक्षण दिलाया ‹ ाए । राजभाषा विभाग के अधीन केन्द्रीय हि ‹ ी प्रशिक्षण संस्थान में इसके लिए अल्पकालीन गहन पाठ्यक्रम चलाने की व्यवस्था की जाएगी ।

7. यदि किसी प्रशिक्षण संस्थान में जिसमें उपर्युक्तानुसार हिन्दी में प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, हिन्दी में प्रशिक्षण देने के लिए योग्य प्रशिक्षक उपलब्ध न हों वहां पर प्रशिक्षण अंग्रेजी व हिन्दी की मिलीजुली भाषा में भी दिया जा सकता है ।

ये निदेश केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व या नियंत्रणाधीन उपक्रमों व बैंकों आदि पर भी लागू होंगे ।

ये निदेश 1 जनवरी, 1989 के बाद आरंभ किए जाने वाले प्रशिक्षण कोर्सों पर लागू होंगे । प्रशिक्षण संस्थाएं इस दौरान इन निदेशों के अनुपालन के लिए आवश्यक तैयारी कर लें जैसे प्रशिक्षण सामग्री का हिन्दी में अनुवाद और प्रशिक्षकों को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान दिलाना, इत्यादि ।

[का० ज्ञा० सं० 13034/50/87-रा० भा० (ग), दिनांक 6-11-87]

हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर्मचारियों की संख्या का पता लगाना और कार्यालयों को राजपत्र में अधिसूचित करना ।

2.29 ऐसे कर्मचारियों के आंकड़े इकट्ठे किए जाएं जिन्हें हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है और ऐसे कार्यालयों को, जहां के 80% या अधिक कर्मचारियों को (समूह "घ" को छोड़कर) हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान हो गया है राजपत्र में राजभाषा नियम 10(4) के अन्तर्गत अधिसूचित किया जाए । अधिसूचना की प्रतिलिपि राजभाषा विभाग को भेजी जाए ।

[का०ज्ञा०सं० 1/14011/18/76-रा० भा० (क-1), दिनांक 24-1-77, क्रम सं० 90]

CHAPTER 3

VARIOUS COMMITTEES ON OFFICIAL LANGUAGE

Official Language Implementation Committees

3.1 (1) Official Language Implementation Committees should be set up in all the Ministries/Departments, attached and subordinate offices. These should also be set up in the offices of Corporations/Undertakings located in Hindi speaking states for implementation of Official Language. These Committees should be set up in Head Offices only of Corporations/Undertakings/Banks located in Non-Hindi-speaking areas and in the regional offices as well located in Hindi speaking areas.

(2) Official Language Implementation Committees should be set up in subordinate offices where number of employees is 25 or more excluding group 'D' employees. The question, whether such committees should be set up in other offices, may be decided by the Ministry/Department themselves. Where two or more offices are located at the same place, a combined Official Language Implementation Committee should be constituted for them provided the total number of employees in such offices, excluding Group 'D' employees, is 25 or more.

(3) Official Language Implementation Committees are to be constituted in all Central Govt. Offices having a staff of 25 or more, Govt. office means an office as defined in rule (2) of the Official Languages Rules 1976.

[Deptt. of O.L. letter No. 20001/35/88-O.L. (B-2), dated 24-5-89]

[O.M. No. 6/63/64-O.L., dated 10-12-64, Comp. Sl. No. 60]

[O.M. No. 11015/57/72-O.L., dated 29-12-72, Comp. Sl. No. 195 of 1974]

[O.M. No. E.-11013/8/73-O.L., dated 5-9-73, Comp. Sl. No. 198 of 1974]

[O.M. No. 11015/26/73-O.L., dated 29-1-1974, Comp. Sl. No. 142 of 1974]

[O.M. No. 12017/14/75-O.L.(B), dated 24-2-75, Sl. No. 106]

(4) The Joint Secretaries of Ministries/Departments, who have been entrusted with the responsibility of looking after the work relating to Hindi, should be made chairman of the Committees of the Ministries/Departments, and the Deputy Secretaries, Under Secretaries and Section Officers representing various divisions and the chairmen of companies and corporations of the offices and Departments located in Delhi, should be made Members. Hindi Officers of Ministry/Department will act as Secretary of this Committee. In the Implementation Committees of attached and subordinate offices, Corporations, Undertakings etc. Senior Officers of the offices should be made chairmen and the officers representing various divisions will be their members. In the Official Language Implementation Committee of offices, Corporations, Companies etc. located in Delhi, representative of the respective Ministry or Department should also be co-opted so that a co-ordinated programme could be prepared for implementation of Official Language in those offices and their Head Offices. Non-Hindi-speaking officers also should be represented in these Committees in due proportion. There should be an attempt to ensure that, as far as possible, half of the members of such Committees are Non-Hindi speaking officers.

(5) Atleast one meeting of every Committee must be convened in every three months and a copy of the minutes forwarded to the Ministry of Home Affairs (Department of Official Language) also.

(6) The functions of the Committee will generally be as under :—

(1) to review the implementation of orders relating to use of Hindi and to take action in that regard;

(2) to review quarterly progress reports and to ensure their timely submission;

(3) to review the difficulties encountered in the implementation and give suggestions, where necessary;

(4) to ensure that appropriate number of employees are released to undergo training in Hindi, Hindi typewriting and Stenography.

[O.M. No. 5/69/69-O.L., dated 25-10-69, Comp. 1974, S. No. 100]

[O.M. No. 4/41/70-O.L., dated 12-10-70, S. No. 61]

[O.M. No. 1/14011/17/76, dated 7-2-77, S. No. 62]

[O.M. No. 1/14011/1/77-O.L. (A-1), dated 19-5-77, S. No. 109]

अध्याय 3

राजभाषा संबंधी विभिन्न समितियां

राजभाषा कार्यान्वयन समितियां

3.1 (1) सभी मंत्रालयों/विभागों, सम्बद्ध तथा अधीनस्थ कार्यालयों, हिंदी भाषी राज्यों में स्थित निगमों/उपक्रमों/बैंकों के कार्यालयों में राजभाषा के कार्यान्वयन के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति स्थापित की जाएं। अहिन्दी भाषी क्षेत्रों में स्थित निगमों/उपक्रमों/बैंकों के केवल प्रधान कार्यालयों और हिंदी भाषी क्षेत्रों में स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों में भी ये समितियां बनाई जाएं।

(2) जिन अधीनस्थ कार्यालयों में समूह "घ" को छोड़कर कर्मचारियों की संख्या 25 या अधिक हो, उनमें राजभाषा कार्यान्वयन समितियां बनाई जाएं। अन्य कार्यालयों में ऐसी समितियां बनाई जाएं या नहीं इस बारे में मंत्रालय/विभाग स्वयं निर्णय करें। दो या उससे अधिक कार्यालयों के एक ही स्थान पर होने की स्थिति में उन्हें मिलाकर एक राजभाषा कार्यान्वयन समिति बनाई जाए बशर्ते कि ऐसे कार्यालयों में समूह "घ" के कर्मचारियों को छोड़कर कर्मचारियों की कुल संख्या 25 या इससे अधिक हो।

(3) केन्द्रीय सरकार के उन सभी कार्यालयों में जहां कर्मचारियों की संख्या 25 अथवा उससे अधिक है राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया जाना है। केन्द्रीय सरकार के कार्यालय से तात्पर्य राजभाषा नियम 1976 के नियम (2) के अन्तर्गत परिभाषित कार्यालय से है।

[रा०भा० पत्र 20001/35/88-रा०भा० (ख-2), दिनांक 24-5-89]

[का०ज्ञा० सं० 6/63/64-रा०भा०, दि० 10-12-64 क्रम सं० 60)

[का०ज्ञा० सं० 11015/57/72 रा०भा०, दि० 29-12-72 संकलन 1974, क्रम सं० 195]

[का०ज्ञा० सं० ई 11013/8/73 रा०भा०, दि० 5-9-73 संकलन 1974, क्रम सं० 198]

[का०ज्ञा० सं० 11015/26/73 रा०भा०, दि० 29-1-74 संकलन 1974, क्रम सं० 142]

[का०ज्ञा० सं० 12017/14/75 रा०भा० (ख), दि० 24-2-75 क्रम सं० 106]

(4) मंत्रालयों/विभागों के वे संयुक्त सचिव जिन्हें हिन्दी से सम्बंधित कार्य की देखभाल करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, मंत्रालय/विभाग की समिति के अध्यक्ष बनाए जाएं और इसमें विभिन्न प्रभागों के प्रतिनिधित्व करने वाले उप सचिव, अवर सचिव और अनुभाग अधिकारी और दिल्ली स्थित कार्यालयों और विभागों के अधीन कंपनियों और निगमों के अध्यक्ष सदस्य बनाए जाएं। मंत्रालय/विभाग के हिन्दी अधिकारी इस समिति के सचिव के रूप में काम करेंगे। संबद्ध तथा अधीनस्थ कार्यालयों, निगमों उपक्रमों आदि का कार्यान्वयन समितियों में कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी अध्यक्ष बनाए जाएं और विभिन्न प्रभागों का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकारी सदस्य हों। दिल्ली स्थित कार्यालयों, निगमों, कंपनियों आदि की राजभाषा कार्यान्वयन समिति से सम्बन्धित मंत्रालय या विभाग के प्रतिनिधि को भी सहयोजित किया जाए, जिससे उन कार्यालयों और उनके मुख्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन के लिए एक समन्वित कार्यक्रम बनाया जा सके। इन समितियों में उचित अनुपात में अहिन्दी भाषी अधिकारियों को भी प्रतिनिधित्व दिया जाए। जहां तक हो सके, कोशिश की जाए कि किसी भी समिति में आधे सदस्य अहिन्दी भाषी हों।

(5) हर समिति की तिमाही में कम-से-कम एक बैठक अवश्य की जाए और उसके कार्यवृत्त की प्रतिलिपि गृह मंत्रालय (राजभाषा विभाग) को भेजा जाए।

(6) समिति के कार्य सामान्य रूप से निम्नलिखित होंगे :—

(1) हिन्दी के प्रयोग सम्बन्धी आदेशों के कार्यान्वयन की समीक्षा करना और उस बारे में कार्रवाई करना;

(2) तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा तथा समय पर भेजना सुनिश्चित करना;

(3) कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाइयों की समीक्षा करके यथावश्यकता सुझाव भेजना;

(4) हिन्दी, हिन्दी टंकण और आशुलिपि प्रशिक्षण के लिए उपयुक्त संख्या में कर्मचारी भेजना सुनिश्चित करना।

[का०ज्ञा० सं० 5/69/69 रा०भा०, दि० 25-10-69 संकलन, 1974 क्रम सं० 100]

[का०ज्ञा० सं० 4/41/70 रा०भा०, दि० 12-10-70 क्रम सं० 61]

[का०ज्ञा० सं० 1/14011/17/76, दि० 7-2-77 क्रम सं० 62]

[का०ज्ञा० सं० 1/14011/1/77 रा०भा० (क-1), दि० 19-5-77 क्रम सं० 109]

3.2 (1) In the offices, where a branch of Kendriya Sachivalaya Hindi Parishad is functioning, a representative of the Parishad working in that Ministry/Department/Office should be included in the Official Language Implementation Committee. Agenda and other papers should be supplied to the representative of the parishad before the date of meeting and a copy of the minutes may also be endorsed to the central office of the Kendriya Sachivalaya Hindi Parishad.

[O.M. No. 5/2/71-O.L. (Unit), dated 23-6-72, Comp. 1974, S. No. 134]

[O.M. No. 11015/82/72-O.L., dated 28-11-72, Comp. 1974, S. No. 129]

(2) The employees winning awards in competitions relating to Hindi may be invited to participate in the meetings of Official Language Implementation Committees.

[O.M. No. 1/14013/10/79-O.L. (A-1), dated 20-9-79, S. No. 63]

(3) The officers of Hindi Teaching Scheme (Deputy Director or Assistant Director and where no such officer is available, the Pradhyapak) should be invited in the meetings of Official Language Implementation Committees of the offices located outside Delhi.

(4) Notice about meeting of the Committee should also be sent to the respective Regional Implementation Office of the Department of Official Language.

[O.M. No. 1/1401/4/76-O.L. (A-1), dated 24-4-76, Sl. No. 64]

[O.M. No. 1/14011/2/85-O.L. (A-1), dated 22-4-85, Sl. No. 66]

[O.M. No. 12016/5/87-O.L. (B-1), dated 2-12-1987].

Nomination of Rajbhasha Adhikari in Subordinate Offices and his duties

3.3 A high ranking officer be nominated as Rajbhasha Adhikari (Official Language Officer) in each office under the Ministries/Departments. In addition to other administrative duties he will also be responsible for the proper implementation of the orders relating to Official Language in the office and to see that the meetings of the Official Language Implementation Committee are held regularly.

[O.M. No. 1/14011/12/76-O.L. (A-1), dated 22-11-76, Sl. No. 70]

Inviting Non-officials as observer in Official Language Implementation Committees

3.4 No non-official should be made a member of Official Language Implementation Committee. However, a non-official member of Hindi Advisory Committee of the concerned Ministry who might be readily available could be invited as observer in these Committees.

[O.M. No. 1/14011/10/76-O.L. (A-1), dated 8-6-76, Sl. No. 65]

[O.M. No. II/20034/4/79-O.L. (A-2), dated 19-4-79, Sl. No. 68]

Scope and functions of Regional Implementation Offices

3.5 Five Regional offices have already been set-up to look after the implementation of official language policy and ensure its implementation. Deputy Directors (Implementation) are the head of offices in these Regional Offices. These regional offices will watch the work relating to implementation of Official Language Act, 1963 and Rules, 1976 including review of quarterly progress reports, attending quarterly meetings, inspection of offices and assisting offices in training etc. A copy of quarterly progress report relating to Official Language should be forwarded to the concerned Regional office and the notices of the meetings of Official Language Implementation Committee should be sent to these offices so that representatives of these offices could attend the meetings. These regional offices may also be contacted for assistance in other work relating to Official Language viz. organising workshops etc. Headquarters of regional Implementation offices are located in Bombay, Bangalore, Calcutta, Guwahati and Ghaziabad.

[O.M. No. 12016/5/87-O.L. (B-1), dated 2-12-87]

Holding regular meetings of the Official Language Implementation Committees

3.6 Quarterly Meetings of the Official Language Implementation Committees should be held regularly and prior intimation in respect of these meetings should be sent to Deptt. of Official Language atleast one week in advance so that officers of Deptt. of Official Language could attend these meetings and explain the policy matters and review the quarterly reports.

[O.M. No. 12024/59/85-O.L. (A-2), dated 27-9-85, Sl. No. 67]

Setting up of Town Official Language Implementation Committees, nomination of members and meetings

3.7 Town Official Language Implementation Committees are set up in major towns outside Delhi with 10 or more Central Govt. Offices, for implementation of official language Hindi in Central Government Offices, Chairmen of these Committees are nominated by the Department of Official Language, who are generally,

3.2 (1) जिन कार्यालयों में केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद की शाखा काम कर रही है, वहां परिषद की उस मंत्रालय/विभाग/कार्यालय में काम कर रही परिषद की शाखा का एक प्रतिनिधि राजभाषा कार्यान्वयन समिति में शामिल किया जाए। परिषद के प्रतिनिधि को विचारणीय विषयों की कार्यसूची और अन्य सामग्री बैठक की तारीख से पूर्व भेजी जाए और कार्यवृत्त की प्रतिलिपि केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद को भी भेजी जाए।

[का० ज्ञा० सं० 5/2/71 रा० भा० (एकक), दि० 23-6-72 संकलन 1974 क्रम सं० 134]

[का० ज्ञा० सं० 11015/82/72 रा०भा०, दि० 28-11-72 : संकलन 1974 क्रम सं० 129]

(2) जो कर्मचारी हिन्दी संबंधी प्रतियोगिताओं में पुरस्कृत किए जाते हैं उन्हें राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में आमन्त्रित किया जाए।

[का० ज्ञा० सं० 1/14013/10/79 रा० भा० (क-1), दि० 20-9-79 क्रम सं० 63]

(3) दिल्ली के बाहर के कार्यालयों की राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकों में हिन्दी शिक्षण योजना के अधिकारियों (उपनिदेशक या सहायक निदेशक और जहां कोई ऐसे अधिकारी न हों वहां प्राध्यापक) को आमंत्रित किया जाए।

(4) समिति की बैठक की सूचना राजभाषा विभाग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय को भी दी जाए।

[का० ज्ञा० स० 1/14011/76 रा० भा० (क-1), दि० 24-4-76 क्रम सं० 64]

[का० ज्ञा० सं० 1/14011/2/85 रा० भा० (क-1), दि० 22-4-85 क्रम सं० 66]

[का० ज्ञा० सं० 12016/5/87 रा० भा० (ख-1), दि० 2-12-87]

अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा अधिकारी का नामांकन करना और उसके कर्तव्य

3.3 मंत्रालयों/विभागों के अधीन प्रत्येक कार्यालय में एक उच्च स्तरीय अधिकारी को राजभाषा अधिकारी के रूप में नामित कर दिया जाए। अपने अन्य प्रशासनिक कार्यों के अलावा उस अधिकारी को यह देखने की भी जिम्मेदारी होगी कि उस कार्यालय में राजभाषा संबंधी आदेशों का ठीक रूप से कार्यान्वयन हो और राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक नियमित रूप से की जाए।

[का० आ० सं० 1/14011/12/76 रा० भा० (क-1), दि० 22-11-76 क्रम सं० 70]

राजभाषा कार्यान्वयन समितियों में गैर सरकारी व्यक्तियों को प्रेक्षक के रूप में आमंत्रित करना

3.4 राजभाषा कार्यान्वयन समितियों में किसी गैर सरकारी व्यक्ति को सदस्य न बनाया जाए। इन समितियों में संबंधित मंत्रालयों की हिन्दी सलाहकार समिति के एक आसानी से उपलब्ध गैर सरकारी सदस्य को प्रेक्षक के रूप में आमंत्रित किया जा सकता है।

[का०ज्ञा० सं० 1/14011/10/76 रा० भा० (क-1), दि० 8-6-76 क्रम सं० 65)

[का० ज्ञा० सं० II/20034/4/79 रा० भा० (क-2), दि० 19-4-79 क्रम सं० 68]

क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों का कार्यक्षेत्र और कार्य

3.5 राजभाषा के कार्यान्वयन की स्थिति का जायजा लेने के लिए तथा कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए 5 क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना की जा चुकी है। इन क्षेत्रीय कार्यालयों में उप निदेशक (कार्या०) मुख्य अधिकारी है। ये क्षेत्रीय कार्यालय अपने-अपने क्षेत्र में स्थित केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में राजभाषा अधिनियम, 1963 तथा नियम, 1976 के कार्यान्वयन का कार्य देखेंगे जिसमें तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा, तिमाही बैठकों में भाग लेना, कार्यालयों का निरीक्षण करना तथा कार्यालयों को प्रशिक्षण आदि में सहयोग देना शामिल है।

राजभाषा से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट की प्रति संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को प्रेषित करें तथा राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों की सूचना इन कार्यालयों को दें जिससे कि इन कार्यालयों के प्रतिनिधि उनकी बैठकों में भाग ले सकें। राजभाषा से संबंधित अन्य कार्यों में सहायता जैसे कार्यशाला आदि के आयोजन के लिए भी इन क्षेत्रीय कार्यालयों से सम्पर्क करें। क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों के मुख्यालय बम्बई, बैंगलूर, कलकत्ता, गौहाटी तथा गाजियाबाद में हैं।

[का० ज्ञा० सं० 12016/5/87-रा० भा० (ख-1), दि० 2-12-87]

राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकों का नियमित आयोजन

3.6 राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकें हर तिमाही में नियमित रूप से आयोजित की जाएं और उसकी पूर्व सूचना राजभाषा विभाग को कम से कम एक सप्ताह पूर्व दी जाए ताकि इसमें राजभाषा विभाग के अधिकारी भाग ले सकें तथा नीति संबंधी मामलों का स्पष्टीकरण दे सकें एवं तिमाही रिपोर्टों की समीक्षा कर सकें।

[का० ज्ञा० सं० 12024/59/85 रा० भा० (क-2), दि० 27-9-85 क्रम सं० 67]

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन, सदस्यों का नामांकन व बैठकें

3.7 दिल्ली के बाहर प्रमुख नगरों में जहां केन्द्रीय सरकार के 10 या इससे अधिक कार्यालय हैं, केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियां गठित की जाती

the seniormost officers in the town. The representatives of all Central Government offices located in the town are its members. The meetings of these Committees are required to be held twice a year. A representative from the branches of Kendriya Sachivalaya Hindi Parishad, functioning in the various offices in that town may also be invited. Atleast one of the two meetings would, as far as possible, be attended by one of the senior officers of the Department of Official Language. Therefore, as soon as a decision to convene the meeting of the committee is taken, intimation thereof may ge sent to the Department of Official Language immediately. Information in regard to the progress made in the implementation of Official Language may be sent to the chairman in prescribed proforma (in duplicate) a week before the meeting of the Committee is scheduled to be held by all Central Government Offices. One copy may either be sent to the Department of Official Language or may be handed over to the officer of the Department participating in the meeting. Rajbhasha Adhikari or Head of office nominated in accordance with para 3.3 should attend the meetings personally. In special circumstances, where they themselves or Rajbhasha Adhikari are unable to attend these meetings personally, they should send only other senior officer to take part in these meetings.

[O.M. No. 1/14011/12/76-O.L. (A-I), dated 22-11-76, Comp. Sl. No. 70]

[O.M. No. 1/14011/12/76-O.L. (A-I), dated 24-8-77, Comp. Sl. No. 71]

[O.M. No. 12027/2/76-O.L. (B-I), dated 3-9-79, Comp. Sl. No. 72]

[O.M. No. 12027/1/83-O.L. (B-2), dated 22-1-83, Comp. Sl. No. 73]

Functions of the Town Official Language Implementation Committees

3.8 The functions of the town Official Language Implementation Committee would mainly be as follows :

(1) Review of the position regarding implementation of the Official Language Act/ Rules and the orders issued by the Govt. of India regarding the progressive use of Hindi in official work and of the annual programme prepared in that regard.

(2) Consideration of the measures for accelerating the pace of Hindi in offices of the Central Government located in the town.

(3) Review of position in regard to the availability of reference literature in Hindi, Hindi Typewriters, Typists and Stenographers, etc.

(4) Consideration of the problems relating to training in Hindi, Hindi typewriting and Hindi Stenography.

It is necessary that the Chairmen of the Town Official Language Implementation Committees and member-offices are kept apprised of the orders relating to official language policy. As such, a copy of each of these orders issued in regard to the Official Language policy may be forwarded direct to the Chairmen of the Town Official Language Implementation Committees so that the Committee's member-offices in the city could have advance information of the same. Copies of these orders would continue to be duly sent by the concerned Ministries to their subordinate offices through the normal channels as before.

[O.M. No. 12027/2/79-O.L. (B-I), dated 3-9-79, Sl. No. 72]

Hindi Advisory Committees, Constitution and functions

3.9 Hindi Advisory Committees under the Chairmenship of concerned Ministers are constituted in Ministries/Departments to render proper advice regarding implementation of Official Language. Guidelines for the constitution of these Committees are given below:—

(a) **Number of Members** : (1) Although no fixed limits can be prescribed regarding the number of members yet the general principle should be that their number should be to the nature and scope of the work of the co-related Ministry concerned. However, this number should not normally exceed 30, as this should make the process of deliberations easier and there will be saving in terms of T.A. and D.A. also.

(2) The Minister in the Ministry should naturally be the Chairman of the Samiti. The Minister of State, Deputy Minister, Secretary/Additional Secretary and Joint Secretary concerned would be ex-officio members of the Committee. Head of the Department/Director General/Director /General Manager Manager etc. dealing with important work of the Ministry should be nominated as ex-officio members (In case the Minister so desires, he may nominated the Minister of State/ Deputy Minister as Vice-Chairman so that he could preside over the meetings in his absence). Secretary. Department of Official Language and Hindi Adviser to the Government of India will be ex-officio member of all the Samitis. Another representative of the Department of Official Language should also invariably be included.

(3) Only such members should be nominated as have special interest in the propagation and development of Hindi and have adequate knowledge of the relevant field of activity of the Ministry concerned.

हैं। इन समितियों के अध्यक्ष राजभाषा विभाग द्वारा नामित किए जाते हैं जो सामान्यतः नगर के वरिष्ठतम अधिकारी होते हैं। नगर स्थित सभी केन्द्रीय कार्यालयों के प्रतिनिधि इसके सदस्य होते हैं। इनकी बैठकें वर्ष में दो बार होनी अपेक्षित हैं। उस नगर में विभिन्न कार्यालयों में काम कर रहे केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद की शाखाओं से भी किसी एक प्रतिनिधि को आमंत्रित किया जाए। दो बैठकों में कम से कम एक में राजभाषा विभाग के उच्चाधिकारी यथासंभव भाग लेंगे, इसलिए ज्यों ही किसी समिति की बैठक बुलाने के बारे में निश्चय किया जाए राजभाषा विभाग को उसकी सूचना तुरन्त भेज दी जाए। सभी संबंधित कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति की जानकारी निर्धारित प्रोफार्मा में बैठक से एक सप्ताह पूर्व अध्यक्ष के पास दो-दो प्रतियों में भेजी जाए। एक प्रति राजभाषा विभाग को भिजवा दी जाए या उस विभाग के जो अधिकारी बैठक में शामिल हों उन्हें दे दी जाए। पैरा 3.3 के अनुसार नामित राजभाषा अधिकारी या कार्यालय अध्यक्ष इन बैठकों में स्वयं भाग लें। यदि किसी विशेष स्थिति में वे या राजभाषा अधिकारी स्वयं भाग न ले पाएं, तो वे अन्य वरिष्ठ अधिकारी को ही भाग लेने के लिए भेजें।

[का० ज्ञा० सं० 1/14011/12/76-रा० भा० (क-1); दि० 22-11-76 क्रम सं० 70]

[का० ज्ञा० सं० 1/14011/12/76 रा० भा० (क-1), दि० 24-8-77 क्रम सं० 71]

[का० ज्ञा० सं० 12027/2/79 रा० भा० (ख-1), दि० 3-9-79 क्रम सं० 72]

[का० ज्ञा० सं० 12027/1/83 रा० भा० (ख-2), दि० 22-1-83 क्रम सं० 73]

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के कार्य

3.8 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के मुख्यतः निम्नलिखित कार्य होंगे :—

(1) राजभाषा अधिनियम/नियम और सरकारी कामकाज में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी किए गए आदेशों और हिन्दी के प्रयोग से संबंधित वार्षिक कार्यक्रम के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा।

(2) नगर के केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के संबंध में किए जाने वाले उपायों पर विचार।

(3) हिन्दी के संदर्भ साहित्य, टाइपराइटरों, टाइपिस्टों आशुलिपिकों आदि की उपलब्धता की समीक्षा।

(4) हिन्दी, हिन्दी टाइपिंग और हिन्दी आशुलिपि के प्रशिक्षण से संबंधित समस्याओं पर विचार।

यह जरूरी है कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्षों तथा सदस्य कार्यालयों को राजभाषा संबंधी आदेशों की जानकारी रहे। इसलिए राजभाषा के सम्बन्ध में जारी किए गए आदेशों की एक एक प्रति नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्षों को सीधी भेज दी जाए ताकि वे नगर में समिति के सदस्य कार्यालयों को इनकी जानकारी दे दें। इन आदेशों की प्रतियां संबद्ध मंत्रालयों के माध्यम से उनके अधीनस्थ कार्यालयों के पास विधिवत् भी आती रहेंगी।

[का० ज्ञा० सं० 12027/2/79-रा० भा० (ख-1), दि० 3-9-79 क्रम सं० 72]

हिंदी सलाहकार समितियां, गठन और कार्यक्षेत्र

3.9 राजभाषा के कार्यान्वयन के संबंध में समुचित सलाह देने के लिए संबंधित मंत्रियों की अध्यक्षता में मंत्रालयों/विभागों में हिन्दी सलाहकार समितियां गठित की जाती हैं। इन समितियों के गठन के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत नीचे दिए गए हैं :—

(क) **सदस्य संख्या** :—(1) वैसे तो कोई निश्चित सदस्य संख्या निर्धारित नहीं की जा सकती क्योंकि प्रत्येक मंत्रालय को अपने कार्य के स्वरूप और क्षेत्र को देखते हुए यह संख्या निश्चित करनी होगी। सामान्यतः किसी भी समिति में 30 से अधिक सदस्य नहीं होने चाहिए क्योंकि एक तो इससे विचार विमर्श में सुविधा होगी और दूसरे यात्रा और दैनिक भत्तों पर भी अधिक व्यय नहीं होगा।

(2) जाहिर है कि मंत्रालय के मंत्री समिति के अध्यक्ष होंगे। राज्य मंत्री, उपमंत्री, सचिव, अपर सचिव तथा संबंधित संयुक्त सचिव समिति के पदेन सदस्य होंगे। साथ ही संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों के अध्यक्ष, महानिदेशक, निदेशक, महा-प्रबंधक, प्रबंधक आदि को भी जो मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्य देख रहे हैं, समिति का पदेन सदस्य रखा जाए। (यदि मंत्री जी चाहें तो वे राज्य मंत्री/उपमंत्री को समिति का उपाध्यक्ष नामित कर दें ताकि उनकी अनुपस्थिति में वे बैठक की अध्यक्षता कर सकें)। राजभाषा विभाग के सचिव और भारत सरकार के हिन्दी सलाहकार सभी समितियों के पदेन सदस्य होंगे। राजभाषा विभाग का एक अन्य प्रतिनिधि भी सभी समितियों में अवश्य रखा जाना चाहिए।

(3) ऐसे व्यक्तियों को ही सदस्य नामित करना चाहिए जिन्हें हिन्दी के प्रचार प्रसार तथा विकास में विशेष रुचि हो और जो संबंधित मंत्रालयों के कार्यकलाप की अच्छी जानकारी रखते हों।

The following points should be kept in mind while nominating members :—

(1) The number of Members of Parliament :—A Samiti should normally have six members of Parliament, out of which four may be from Lok Sabha and two from the Rajya Sabha.

(2) Amongst the non-official members, besides those concerned with the work of respective Ministries and having interest in Hindi work, one or two members may be taken from all India Hindi Institutions such as :—

(i) Akhil Bhartiya Hindi Sanstha Sangha,

(ii) Nagari Pracharini Sabha,

(iii) Rashtra Bhasha Prachar Samiti, Wardha and

(iv) Hindi Sahitya Sammelan, Prayag.

(3) The Chairman of the Kendriya Sachivalaya Hindi Parishad can be nominated, by name, as a member of the Samiti.

(4) The number of out-station members should not be unduly high with a view to effecting economy on T.A. and D.A.

(5) The Department of Official Language may nominate members, not exceeding three on the Samiti with a view to giving representation to interests not otherwise represented.

(6) In accordance with the decision taken by the Kendriya Hindi Samiti, the Hindi Adviser to the Govt. of India, has invariably to be consulted before the Ministries/Departments constitute their Advisory Committees. After the creation of Department of Official Language, the Secretary of the Department is also the Hindi Adviser to the Govt. of India. In future, therefore, while constituting the Hindi Advisory Committee, prior consultation with the Department of Official Language would suffice. It should be ensured that this consultation takes place before final orders of the concerned Minister are obtained.

अधिकारियों को, उनके कार्य की महत्ता को देखते हुए कार्यालय और घर पर टेलीफोन की सुविधा प्रदान करने के लिए सहानुभूति-पूर्वक विचार किया जाए। संसद सत्र में देर रात तक की जाने वाली ड्यूटी को ध्यान में रखते हुए उन्हें केन्द्रीय स्थानों में आवंटन प्लाट करना उचित होगा और संसद सत्रों के दौर रात के समय स्टाफ कार उपलब्ध कराना भी लाभकारी होगा।

[का०ज्ञा०सं० 19/)/84-रा०भा० (सेवा), दिनांक 21-11-84]

"क" तथा "ख" क्षेत्रों में आशुलिपिकों के पद पर हिंदी में प्रशिक्षित आशुलिपिकों का अनुपात

10.11 "ख" क्षेत्र में स्थित सभी मंत्रालयों/विभागों में आशुलिपिकों के कुल पदों में से कम से कम 25 प्रतिशत पदों पर हिन्दी में प्रशिक्षित आशुलिपिक होने चाहिए।

"क" क्षेत्र में स्थित संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों, केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में या नियंत्रण के अधीन किसी निगम या कंपनी या बैंक आदि के कार्यालयों में आशुलिपिकों के कुल पदों में से कम से कम 50% हिंदी में प्रशिक्षित आशुलिपिक होने चाहिए। "ख" क्षेत्र में स्थित मंत्रालयों/विभागों के अधीन संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालय तथा केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में या नियंत्रण के अधीन किसी निगम या कंपनी या बैंक आदि के कार्यालयों में आशुलिपिकों के पद पर कम से कम 25% हिंदी में प्रशिक्षित आशुलिपिक होने चाहिए।

2. हिन्दी आशुलिपि जानने वाले आशुलिपिकों के उपरोक्त अनुपात को आशुलिपिकों की नई भर्ती में हिन्दी आशुलिपि जानने वाले उम्मीदवारों की भर्ती करके और अंग्रेजी आशुलिपि जानने वाले आशुलिपिकों को हिन्दी आशुलिपि का प्रशिक्षण दिला कर पूरा करना होगा। उपरोक्त निर्धारित अनुपात सभी कार्यालयों में 31 मार्च, 1990 तक पूरा कर लिया जाए। जब तक हिन्दी आशुलिपि जानने वाले आशुलिपिक किसी कार्यालय में उपरोक्त निर्धारित अनुपात के अनुसार नहीं हो जाते तब तक नई भर्ती में, यदि हिंदी आशुलिपि जानने वाले आशुलिपिक उपलब्ध हों तो, केवल हिन्दी आशुलिपि के माध्यम से चुने गये उम्मीद्वारों को ही आशुलिपिक के पद पर नियुक्त किया जाये।

3. निर्धारित अनुपात, हिन्दी आशुलिपि जानने वाले आशुलिपिकों के विभिन्न कार्यालयों के लिए न्यूनतम अनुपात है, जिन्हें 31 मार्च, 1990 तक पूरा करना है। यदि किसी कार्यालय में इनसे ज्यादा हिन्दी में प्रशिक्षित आशुलिपिकों की आवश्यकता हो, तो उस अनुपात से ज्यादा भी हिन्दी आशुलिपि जानने वाले उम्मीदवारों को सीधी भर्ती द्वारा लिया जा सकता है। उपरोक्त निर्धारित अनुपातों के पूरा हो जाने के बाद भी अंग्रेजी आशुलिपि जानने वाले आशुलिपिकों को तब तक हिन्दी आशुलिपि का प्रशिक्षण दिया जाना जारी रखना चाहिए जब तक सभी आशुलिपिक हिन्दी आशुलिपि का ज्ञान प्राप्त नहीं कर लेता।

[का० ज्ञा० सं० 14012/7/87-रा०भा० (ग), दि० 20-8-87]

"ग" क्षेत्र के लिए अनुपात

10.11.1 "ग" क्षेत्र में स्थित केन्द्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों तथा सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों में तथा केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में या नियंत्रण के अधीन किसी निगम या कंपनी या बैंक आदि के कार्यालय में आशुलिपिक के कम से कम 10 प्रतिशत पदों पर हिन्दी में प्रशिक्षित आशुलिपिक होने चाहिए। जिन कार्यालयों में 10 से कम आशुलिपिक हैं वहां भी कम से कम एक आशुलिपिक हिन्दी आशुलिपि में प्रशिक्षित होना चाहिए। यह लक्ष्य हिन्दी आशुलिपि के माध्यम से परीक्षा देकर चुने गए उम्मीदवारों की भर्ती और अंग्रेजी आशुलिपि के माध्यम से भर्ती हुए आशुलिपिकों को हिन्दी आशुलिपि का प्रशिक्षण देकर 31 मार्च, 1990 तक प्राप्त किया जाए।

2. अभी यह न्यूनतम अनुपात "ग" क्षेत्र के केवल उन नगरों में स्थित केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में लागू होगा जहां राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के हिन्दी आशुलिपि प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं। इस समय जिन नगरों में ऐसे केन्द्र चल रहे हैं वे हैं :—

पूर्णकालिक केन्द्र : श्रीनगर, मद्रास, हैदराबाद, कोचिन, कोयम्बटूर, विशाखापट्नम, कलकत्ता, भुवनेश्वर, गुवाहाटी, तथा बेंगलूर।

अंशकालिक केन्द्र : त्रिवेन्द्रम, गंगतोक, शिलांग, तथा इम्फाल।

3. यह स्पष्ट किया जाता है कि उपरोक्त पैरा 2 में निर्धारित अनुपात हिन्दी आशुलिपि जानने वाले आशुलिपिकों के विभिन्न कार्यालयों के लिए न्यूनतम अनुपात है, जिन्हें 31 मार्च, 1990 तक पूरा करना है। यदि किसी कार्यालय में इनसे ज्यादा हिन्दी में प्रशिक्षित आशुलिपिकों की आवश्यकता हो, तो उस अनुपात से ज्यादा भी हिन्दी आशुलिपि जानने वाले उम्मीद्वारों को सीधी भर्ती द्वारा लिया जा सकता है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि उपरोक्त निर्धारित अनुपातों के पूरा हो जाने के बाद भी अंग्रेजी आशुलिपि जानने वाले आशुलिपिकों को हिन्दी आशुलिपि का प्रशिक्षण दिया जाता रहना चाहिए, जब तक सभी आशुलिपिक हिन्दी आशुलिपि का ज्ञान प्राप्त नहीं कर लेते।

[का० ज्ञा० सं० 14012/7/87-रा० भा०(ग), दि० 28-1-88]

12—223 M. of HA/ND/89

CHAPTER 11

MAGAZINES AND JOURNALS

Publication of Government magazines & Journals in Hindi

11.1 In cases where magazines or journals are brought out by the Central Government Offices in English only, it is incumbent on them that they bring out these magazines or journals in Hindi also. In case it is not possible to bring out such magazine in Hindi and English separately, then articles in both Hindi and English languages should be published in one single publication. In such cases it should be ensured that proportion of pages containing Hindi articles is in no way less than those of English articles.

11.1.1 In cases where magazines and journals are brought out in Indian languages other than Hindi and English, Hindi version of such publications should also be brought out. Number of copies of such publications can be determined on the basis of requirement.

11.1.2 All Ministries, Departments and Government Undertakings should invariably send a copy each of the magazine published by them to Secretary/Joint Secretary, Department of Official Language.

[O.M. No. 20034/13/79-Patrika Unit, dated 18-7-85, S. No. 156].

[O.M. No. E-11015/43/73-O.L., dated 27-8-73, S. No. 149].

Publication of Statistical Pocket Books bilingually (Diglot)

11.2 Pocket books containing statistical information should be published bilingually (Diglot). The descriptive portions could be printed in diglot form, that is, the Hindi and English versions should face each other and the tables may have the headings in English and Hindi so that the bulk of the pocket books does not increase unnecessarily and there is economy in paper also. If the size of these pocket books are likely to become bulky, separate Hindi and English versions may be published.

[O.M. No. 11020/18/73-O.L., dated 3-10-73, S. No. 150].

Use of standard alphabets and spellings in Newspapers and Magazines published in Hindi

11.3 All Ministries/Departments should use in their publications alphabets and spellings etc. given in "Devanagari Lipi Tatha Hindi Vartani Ka Manakikaran" published by Central Hindi Directorate, West Block 7, Rama-Krishana Puram, New Delhi.

Government Presses and Foundaries should be instructed to arrange new Type Phases of standard alphabets and to make use of them only in their publications.

[O.M. No. 11034/7/77-R & P Unit dated 13-12-78, S. No. 152].

Providing adequate staff for Journals in Hindi and other Indian Languages and granting them Pay-scales similar to those admissible to staff engaged for Journals in English

11.4 There should be no discrimination in the pay-scales, designation and other conditions of service of the staff engaged for the editorial work in Hindi and other Indian Languages as compared to the staff engaged on the same or similar type of work in English and necessary steps may be taken to bring about uniformity in this regard. Staff provided should be same as provided for the similar journals in English.

[O.M. No. 11034/15/79-Patrika Unit, dated 20-7-78, S. No. 153].

Material for quarterly Magazine and monthly bulletin published by the Deptt. of Official Language

11.5 Statements of important decisions and activities relating to the use and development of Hindi may be sent for publication in the Quarterly magazine "Raj Bhasha Bharati" published by the Department of Official Language.

(Now Monthly Bulletin named "Raj Bhasha-Pushp Mala" has also been started.)

[O.M. No. 11034/15/78-Patrika Unit, dated 20-7-78, S. No. 154].

अध्याय 11

पत्र-पत्रिकाएं

सरकारी पत्र-पत्रिकाओं का [illegible]न्दी में प्रकाशन

11.1 केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों द्वारा यदि केवल अंग्रेजी में पत्र या [illegible]काओं का प्रकाशन किया जाता है तो यह आव[illegible] [illegible]हिन्दी में भी पत्र या पत्रिका का प्रकाशन किया जाए। [illegible] किसी कारण से ऐसी पत्रिका का प्रकाशन हिन्दी [illegible] अं[illegible] में अलग–अलग संभव न हो तो वहां एक ही प्रका[illegible]न में [illegible]दी [illegible] अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लेख आदि का [illegible] [illegible] जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि इस [illegible] में [illegible] लेखों या रचनाओं की पृष्ठ संख्या [illegible] अनुप[illegible] अं[illegible]जी [illegible] लेखों या रचनाओं से किसी प्रकार [illegible]

11.1.1 ज[illegible] हिन्[illegible] [illegible] अं[illegible] के सिवाय किसी दूसरी भारतीय [illegible]षाओं [illegible]–[illegible]काओं का प्रकाशन किया जाता है [illegible] उसका हि[illegible] [illegible]न्तर भी प्रकाशित किया जाए। इस प्रकार प्रका[illegible] रूपान्तर की प्रतियों की संख्या आवश्यकतानुस[illegible] [illegible] सकती है।

11.1.2 स[illegible] मंत्र[illegible]य, [illegible] एवं सरकारी उपक्रम छप रहीं पत्रिका[illegible] [illegible] प्रति सचिव / संयुक्त सचिव राजभाषा विभाग को [illegible] भेजें।

[का० ज्ञा० सं० [illegible]0031/[illegible]3/79–पत्रिका एकक [illegible] 18–[illegible]–85, क्रम सं० 156]

[का० ज्ञा० सं० [illegible]015/43/73–रा० भा०, दि० 27–[illegible]–73, क्रम सं० 149]

सांख्यिकीय जेबी पुस्त[illegible] का द्विभाषिक (डिगलाट) रूप में प्रकाशन

11.2 सांख्यिकी [illegible] वाली जेबी पुस्तकें द्विभाषिक ([illegible]लाट) रूप में प्रकाशित की जाएं। वर्णन संबंधी अंश [illegible] रूप ([illegible]लाट फार्म) में छापे जा सकते हैं जिसमें हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तर एक दूसरे के आमने–सामने [illegible] सा[illegible] के शीर्षक अंग्रेजी तथा हिन्दी में हो[illegible] [illegible] (पाकेट बुक्स) अनावश्यक रूप से बोझिल [illegible] एं और साथ ही कागज की भी बचत हो सके। यदि इन जे[illegible] पुस्त[illegible] का आकार ज्यादा बड़ा हो जाने की आशंका हो [illegible] हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तर अलग–अलग पुस्तिकाओं के रूप में प्रकाशित किये जा सकते हैं।

[का० ज्ञा० संख्या 11020/18/73–रा० भा०, दि० 3–10–73, क्रम सं० 150]

हिन्दी में प्रकाशित की जाने वाली पत्र-पत्रिकाओं में मानक वर्णमाला और वर्तनी का प्रयोग

11.3 सभी मंत्रालय/विभाग अपने प्रकाशनों में केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, पश्चिमी खंड 7, रामकृष्णपुरम्, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित "देवनागरी लिपि तथा हिन्दी वर्तनी का मानकीकरण" पुस्तिका में दी गई वर्णमाला और वर्तनी आदि का ही प्रयोग करें।

सरकारी प्रेसों और फाउन्ड्री वालों को निदेश दिए जाएं कि वे मानक वर्णमाला के अनुसार ही नए टाइप फेस बनवाएं और प्रकाशनों में उन्हीं का इस्तेमाल करें।

[का० ज्ञा० सं० 11034/7/77– अ० वि० एकक, दि० 13–12–78, क्रम सं० 152]

हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं की पत्र पत्रिकाओं के लिए समुचित स्टाफ उपलब्ध कराना और अंग्रेजी पत्रिकाओं के समान वेतन-मान देना

11.4 विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं के संपादकीय विभागों में हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं का जो स्टाफ काम करता है उसके तथा समान प्रकार के अंग्रेजी में काम करने वाले स्टाफ के वेतनमान, पदनाम तथा अन्य सेवा शर्तों में कोई भेदभाव न किया जाए, और इस बारे में एकरूपता लाने के लिए आवश्यक उपाय किए जाएं। स्टाफ भी उतना अवश्य रखा जाए जितना समकक्ष अंग्रेजी की पत्र-पत्रिकाओं के लिए रखा गया हो।

[का० ज्ञा० सं० 11034/7/77–अ० वि० एकक, दिनांक 16–2–78, क्रम सं० 153]

राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका और मासिक बुलेटिन के लिए सामग्री

11.5 हिन्दी के प्रयोग और विकास से संबंधित प्रमुख निर्णयों तथा कार्यकलापों का विवरण राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित की जाने वाली त्रैमासिक पत्रिका "राजभाषा भारती" में प्रकाशन के लिए भेजा जाए।

(अब मासिक बुलेटिन भी "राजभाषा पुष्पमाला" नाम से शुरु किया गया है)

[का० ज्ञा० सं० 11034/15/78–पत्रिका एकक, दिनांक 20–7–78, क्रम० सं० 154]

Making magazines and journals brought out in Hindi more useful and effective

11.6 The magazines/journals brought out for the propogation of Hindi should include articles on the following topics or the same should be highlighted in editorial:—

1. Summary of Important orders issued by the department of official language or complete order.
2. Information about important decisions of Hindi Salahakar Samiti of concerned Ministry or official language implementation committees of concerned offices.
3. Noting, Drafting, Inspection reports, Scientific/Technical reports pertaining to the concerned office.
4. Inspiring articles, depicting the importance of Hindi especially as official language and highlighting its role in the context of national integration.
5. In magazines and journals relating to official language, published from a particular state, material indicating the similarity and proximity of Hindi and the regional language.
6. Review of the use of Hindi in recruitment/promotional examinations & interviews.
7. Information regarding use of Hindi in higher training/refresher courses.
8. Details of progre made in the implementation of Hir i as official language and the work bei done in Hindi.
9. Details of the Award & Incentive schemes and ntion of names of award winning e loyees etc.
10. Original articles ritten by the officers working in the offices on technical/scientific/industr /financial subjects.
11. Photo specimen f practical work being done in the cor rned Department (excluding confiden l and Secret material)
12. Other useful m erial considered appropriate.

[O.M. No. 20034/1? 8-O.L (Patrika), dated 15-2-88].

हिंदी में प्रकाशित पत्र-पत्रिकाओं को और अधिक उपयोगी और प्रभावशाली बनाना

11.6 प्राप्त सुझावों पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया गया कि भविष्य में राजभाषा के प्रचार-प्रसार हेतु प्रकाशित पत्र-पत्रिकाओं में निम्नलिखित विषयों में भी लेख हो अथवा सम्पादकीय में प्रधानता दी जाए :—

1. राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए महत्वपूर्ण आदेशों का सारांश या पूरा आदेश ।
2. संबंधित मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समितियों और संबंधित कार्यालयों की राजभाषा कार्यान्वयन समितियों में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की सूचनाएं ।
3. संबंधित कार्यालय विषयक टिप्पणियां, प्रारूप लेखन, निरीक्षण रिपोर्टें, वैज्ञानिक/तकनीकी रिपोर्ट ।
4. हिन्दी के महत्व पर विशेष रूप से उसके राजभाषा के रूप में महत्व और राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में भूमिका विषयक प्रेरणा देने वाले लेख ।
5. प्रदेश विशेष से प्रकाशित होने वाली राजभाषा संबंधी पत्र-पत्रिका में हिन्दी और क्षेत्रीय भाषा की साम्यता और निकटता दर्शाने वाली सामग्री ।
6. भर्ती/प्रोन्नति परीक्षाओं तथा साक्षात्कारों में हिन्दी प्रयोग की समीक्षा ।
7. उच्च प्रशिक्षण/पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों में हिन्दी प्रयोग संबंधी सूचनाएं ।
8. राजभाषा के रूप में हिन्दी के कार्यान्वयन की प्रगति, हिन्दी में हो रहे कामकाज का विवरण आदि ।
9. पुरस्कार और प्रोत्साहन योजनाओं का विवरण तथा समय-समय पर पुरस्कृत कर्मचारियों का नामोल्लेख आदि ।
10. कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों द्वारा लिखित तकनीकी/वैज्ञानिक/औद्योगिक/आर्थिक विषयों पर मौलिक लेख ।
11. संबंधित विभाग में हो रहे व्यावहारिक कामकाज के फोटो नमूने । (गोपनीय और गुप्त सामग्री को छोड़कर) ।
12. अन्य उपयोगी सामग्री जो उचित समझी जाए ।

[का०ज्ञा०सं० 20034/13/88-रा०भा० (पत्रिका), दिनांक 15-2-88]

पृ

CHAPTER 12

PURCHASE OF LITERATURE, HINDI BOOKS RELATING TO OFFICIAL LANGUAGE AND PRICE FIXATION ON HINDI PUBLICATIONS

Arrangement for Hindi reference literature and books in libraries.

12.1 Adequate reference literature in Hindi should be made available in libraries. At least 25% of library grant should be spent for the purchase of Hindi books and if possible this should be raised to 50% when suitable books in Hindi on various subjects are available in the market. Hindi Officer may be co-opted as a Member Secretary of the selection/purchase committees of the libraries.

[O.M. No. 11020/21/73-O.L., dated 19-6-74, S. No. 157].

Arrangement for the reference literature and dictionaries.

12.2 Good Hindi-English and English-Hindi dictionaries, glossaries and other allied literature should be procured and provided to the employees. Only those dictionaries should be purchased in which the terminology approved by the Commission for Scientific and Technical Terminology has been used. Dictionaries should be selected by the Ministry/Department itself. But if necessary, Department of Official Language may be consulted. "Samekit Prashasan Shabdavali", published by the Commission for Scientific and Technical Terminology and "Karyalaya Sahayika" published by Kendriya Sachivalaya Hindi Parishad and its publications on noting and drafting and other literature, which is useful for the concerned offices should be procured in adequate number and kept in the libraries of the offices and provided to the employees doing work in Hindi.

[O.M. No. 12015/9/75-O.L. (B), dated 20-4-76, S. No. 158].

[O.M. No. 11015/48/72-O.L., dated 5-6-73, S. No. 159].

Price Fixation of Hindi Publications

12.3 Hindi publications should have the same price as the English versions. The manuscript of both the languages should be sent simultaneously for publication. The publications to be brought out in diglot form would contain the Hindi and English material in the same volume. There would, therefore, be no problem in fixation of price in their case. In respect of other publications, the following procedure would be adopted :-

(1) In case the Hindi and English manuscripts of publications are to be printed in the same press, their price will be worked out and fixed by the press by dividing the total expenditure by the total number of books.

(2) In case the publications are allotted to two different presses for printing, the Directorate of printing will direct either of the two presses to jointly fix the price thereof. The press will accordingly ascertain the cost of printing from the other press and then will fix their price by pooling together the costs of both the versions and dividing the same by the total number of books of both the languages.

(3) For printing in both the languages, the manuscripts of both the languages will generally be sent simultaneously to the Directorate of Printing. If these are sent one after the other the particulars of the date etc. of the manuscript earlier sent would positively be intimated in the requisition form and, if possible the No. and date of the reference of the Directorate of Printing under which the job was earlier assigned to a press, would be mentioned.

[O.M. No. 11015/114/73-O.L. (B), dated 4-4-77, S. No. 161].

अध्याय 12

राजभाषा संबंधी साहित्य, हिंदी पुस्तकों की खरीद और हिंदी प्रकाशनों का मूल्य निर्धारण

पुस्तकालयों में हिन्दी संदर्भ साहित्य और पुस्तकें उपलब्ध कराना

12.1 पुस्तकालयों में हिन्दी संदर्भ साहित्य काफी मात्रा में उपलब्ध कराया जाए। पुस्तकालय अनुदान का कम से कम 25%भाग हिन्दी की पुस्तकों की खरीद पर व्यय किया जाए और बाजार में विभिन्न विषयों पर हिंदी में उपयुक्त पुस्तक उपलब्ध होने पर हो सके तो यह रकम बढ़ा कर 50%कर देनी चाहिए। हिन्दी अधिकारी को पुस्तकालयों की चयन और क्रय समितियों में सदस्य सचिव के रूप में सहयोजित किया जाए।

[का० ज्ञा० सं० 11020/21/73-रा० भा०, दिनांक 19- 74, क्रम सं० 157]

संदर्भ साहित्य और शब्द कोशों की व्यवस्था

12.2 हिन्दी-अंग्रेजी और अंग्रेजी-हिन्दी के अच्छे शब्द कोश, शब्दावलियां और सहायक साहित्य मंगा कर कर्मचारियों को उपलब्ध कराया जाए। ऐसे शब्द कोश ही खरीदे जाएं जिनमें वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा अनुमोदित शब्दावली हो। कोशों का चयन मंत्रालय-विभाग स्वयं करें पर यदि आवश्यकता हो तो राजभाषा विभाग से परामर्श कर [illegible] जाए। वैज्ञानिक व तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा प्रकाशित "समेकित प्रशासन शब्दावली" और केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद द्वारा प्रकाशित "कार्यालय सहायिका", संबंधित कार्यालयों के लिए उपयोगी टिप्पणि[illegible] और प्रारूपों के प्रकाशन और अन्य साहित्य भी पर्याप्त संख्या में मंगा कर कार्यालयों के पुस्तकालयों में रखे जाएं और हिंदी में काम करने वाले कर्मचारियों को उपलब्ध कराए जाएं।

[का० ज्ञा० सं० 12015/9/75-रा० भा० (ग), दि० 20-4-7 क्रम सं० 158]

[का० ज्ञा० सं० 1101/,48/ , रा० भा०, दि० 5-6-7 क्रम सं० 159]

हिन्दी प्रकाशनों का मूल्य निर्धारण

12.3 हिन्दी प्रकाशनों का वही मूल्य होना चाहिए जो अंग्रेजी रूपान्तरों का हो। दोनों भाषाओं की पांडुलिपियां एक साथ ही प्रकाशन के लिए भेजी जाएं। जो प्रकाशन डिगलाट रूप में छपवाएं जाएं उनमें हिन्दी और अंग्रेजी की सामग्री एक ही जिल्द में होगी। इसलिए उनके मूल्य निर्धारण में कोई समस्या नहीं होगी। अन्य प्रकाशनों के बारे में निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाए।

(1) जिन प्रकाशनों की हिन्दी और अंग्रेजी पांडुलिपियां साथ साथ एक ही प्रेस में छपने वाली हों तो उसी प्रेस द्वारा दोनों रूपों पर होने वाले व्यय को सभी पुस्तकों पर समान रूप से बांट कर मूल्य तय कर दिया जाए।

(2) जो प्रकाशन दो भिन्न-भिन्न प्रेसों में छपेंगे उनके लिए मुद्रण निदेशालय किसी एक प्रेस को आदेश देगा कि उन प्रकाशनों का मूल्य निर्धारण संयुक्त रूप से करे। वो प्रेस दूसरे प्रेस से छपाई का व्यय पूछकर, दोनों प्रकाशनों के लिए जोड़कर उसे दोनों भाषाओं की पुस्तकों पर समान रूप से बांटकर मूल्य तय करेगा।

(3) दोनों भाषाओं में छपने के लिए पांडुलिपि मुद्रण निदेशालय को आम तौर पर दोनों भाषाओं में साथ-साथ भेजी जाए। एक दूसरे के बाद भेजे जाने पर हस्तलिपि (पांडुलिपि) के साथ ही मांग-पत्र में पहले भेजी गई सामग्री की तारीख आदि की सूचना अवश्य दी जाए और हो सके तो मुद्रण निदेशालय का नम्बर और तारीख जिसके द्वारा जॉब पहले किसी प्रेस को सौंपा गया है, दिया जाए।

[का० ज्ञा० सं० 11015/114/73-रा० भा० (ख), दिनांक 4-4-77, क्रम सं० 161]

CHAPTER 13

HINDI/INDIAN NAMES OF ORGANISATIONS/OFFICES/POSTS

Naming of Govt. offices/Organisations/Institutions in Hindi in Indian form

13.1 A beginning may be made in giving Hindi names to the existing Central Govt. Offices/ Organisations/Institutions in addition to the present English names. New offices of Central Govt. should be given Hindi/Indian names from the very beginning.

Central Hindi Directorate (Education Department), West Block-VII, Ramkrishna Puram, New Delhi, should be consulted while selecting a name.

[O.M. No. 12/23/61-O.L., dated 27-3-62, S. No. 164].

[O.M. No. 5/1/65-O.L., dated 1-1-65, S. No. 165]

Naming of Central Govt. owned companies in Hindi

13.1.1 New companies to be set up by the Govt. should be given Hindi or Indian names from the very beginning and these names should be transliterated in English. In case, names of companies are already in English, it should be left to them whether they desire to change their names in Hindi. If they desire to change their English names, action should be taken under clause 21 of the Companies Act, 1956. If an existing company desires to change it's name due to some reason, new name must be given in Hindi.

[O.M. No. 5/34/64-O.L., dated 11-4-65, S. No. 171].

[O.M. No. 1/14013/14/87-O.L. (AI), dated 5-1-88].

Naming of new Govt. buildings & their complexes, Govt. programmes and projects etc. in Hindi or in Indian languages

13.1.2 New Government buildings and their newly created complexes should be given Hindi or Indian names from the very beginning. Indian words should be selected for places like "Industrial Area" etc. Various Govt. programmes and projects etc. may also be given Hindi or Indian names from the very beginning because Indian names are easily understood by the general public.

[O.M. No. 11034/3/85-O.L (A-I), dated 29-10-85, S. No. 170].

Procedure of writing Hindi names of Central Govt. offices and designation of officers in Hindi

13.2 Hindi names of Central Govt. offices and designations of officers working therein may be used in notes, correspondence and official papers. When used in English documents these will be written in Roman script. The designations of Ministers and the names of Ministries/Departments etc. would be first written in English followed by Hindi in Roman Script within parenthesis. Thus the designation of the Minister of External Affairs and the Ministry of External Affairs would, for example, be shown as under :

(a) Minister of External Affairs (Videsh Mantri).

(b) Ministry of External Affairs (Videsh Mantralaya).

[O.M. No. 16/11/69-O.L. dated 18-10-69, S No. 166].

[O.M. No. 74/2/71-O.L., dated 28-5-71, S. No. 168].

Registration of telegraphic addresses of Central Government offices in Hindi

13.3 Telegraphic addresses of various Ministries and offices of the Govt. of India may be registered in Hindi also. Hindi telegraphic addresses should either be taken from a list circulated by Central Hindi Directorate or that Directorate be consulted about the suitability of the Hindi telegraphic addresses for adoption.

[O.M. No. 11/1/62-O.L., dated 20-3-62, S. No. 172].

अध्याय 13

संगठनों/कार्यालयों/पदों आदि के हिंदी/भारतीय नाम

सरकारी कार्यालयों/संगठनों/संस्थाओं का हिन्दी में भारतीय रूप में नामकरण

13.1 मौजूदा केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों/संगठनों/संस्थानों आदि के प्रचलित अंग्रेजी नामों के अतिरिक्त हिन्दी में/भारतीय भाषाओं में नाम देने की शुरुआत की जाए/नए कार्यालयों आदि के नाम प्रारंभ से ही हिन्दी में/भारतीय रूप में रखे जाएं/नाम चुनते समय केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय (शिक्षा विभाग) पश्चिमी खंड 7-रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली से परामर्श किया जाए।

[का॰ ज्ञा॰ सं॰ 12/23/61-रा॰ भा॰, दि॰ 27-3-62, क्रम सं॰ 164]

[का॰ ज्ञा॰ सं॰ 5/1/65--रा॰ भा॰, दि॰ [illegible]1-1-65, क्रम सं॰ 165]

केन्द्रीय सरकार की कम्पनियों का हिन्दी में नामकरण

13.1.1 सरकार द्वारा स्थापित [illegible] नई कंपनियों के नाम आरंभ से ही हिन्दी [illegible] जाएं और अंग्रेजी में उसका लिप्यन्तरण किया जाए। जिन कंपनियों के नाम पहले से ही अंग्रेजी में रखे गए हैं उनके नाम हिन्दी में बदलने का प्रश्न [illegible] पर छोड़ दिया जाए। यदि वे अंग्रेजी [illegible] बदलना चाहते हैं तो उसके लिए कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 21 के अन्तर्गत कार्रवाई की जाए, यदि पहले स्थापित की गई कोई कंपनी किसी कारण अपना नाम बदलना चाहती है तो नया नाम अवश्य हिन्दी [illegible] जाए।

[का॰ ज्ञा॰ सं॰ 5/34/64, रा॰ भा॰-[illegible] 1-4-65, क्रम सं॰ 17[illegible]]

[का॰ ज्ञा॰ सं॰ 1/14013/14/8[illegible]-रा॰ भा॰ (क-1), दिनांक 5-1-88]

नए सरकारी भवनों, उनके परिसरों, सरकारी कार्यक्रमों और परियोजनाओं आदि का हिन्दी या भारतीय भाषाओं में नामकरण

13.1.2 नए सरकारी भवनों तथा उन भवनों के लिए बने नए परिसरों का नामकरण शुरू से ही हिन्दी तथा भारतीय भाषाओं में किया जाए। जिन स्थानों के नाम "इंडस्ट्रियल एरिया" इत्यादि दिए गए है उनके लिए भारतीय शब्दों का चयन किया जाना चाहिए। विभिन्न प्रकार के सरकारी कार्यक्रमों, परियोजनाओं आदि के लिए भी प्रारंभ से ही हिन्दी या भारतीय नाम रखे जाएं, क्योंकि भारतीय नाम आम जनता की समझ में आसानी से आते हैं।

[का॰ ज्ञा॰ सं॰ 1/14034/3/85-रा॰ भा॰ (क-1), दिनांक 29-10-85, क्रम सं॰ 170]

केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों/अधिकारियों के हिन्दी पदनाम लिखने की पद्धति

13.2 कार्यालयों के नाम और अधिकारियों के पदनामों के हिन्दी नाम, टिप्पण, पत्र व्यवहार और सरकारी कागजों में प्रयोग किए जाएं/जब अंग्रेजी कागजात में इनका प्रयोग किया जाए तो ये रोमन लिपि में लिखे जाएंगे। मंत्रियों के पदनाम और मंत्रालयों/विभागों आदि के नाम पहले अंग्रेजी में और उसके बाद कोष्ठकों के बीच हिंदी भाषा में लिखे जाएंगे। उदाहरण के लिए विदेश मंत्री का पदनाम और विदेश मंत्रालय का नाम इस प्रकार लिखा जाएगा।

(क) Minister of External Affairs (Videsh Mantri)

(ख) Ministry of External Affairs (Videsh Mantralay)

[का॰ ज्ञा॰ सं॰ 16/11/69--रा॰ भा॰, दिनांक 18-10-69, क्रम सं॰ 166]

[का॰ ज्ञा॰ सं॰ 74/2/71--सी॰ एफ॰, दिनांक 28-5-71, क्रम सं॰ 168]

कार्यालयों के तार-पतों का हिन्दी में पंजीयन

13.3 विभिन्न मंत्रालयों और कार्यालयों के तारों के पते का हिन्दी में भी पंजीयन किया जाए। तारों के हिन्दी पते या तो केन्द्रीय निदेशालय द्वारा परिचालित सूची से लिए जाएं या उनकी उपयुक्तता के बारे में इस निदेशालय से परामर्श कर लिया जाए।

[का॰ ज्ञा॰ सं॰ 11/1/62--रा॰ भा॰, दिनांक 20-3-62, क्रम सं॰ 172]

13—223 M. of HA/ND/89

CHAPTER 14

MISCELLANEOUS SUBJECTS—HINDI DAY/WEEK

Organising Hindi Day/Week

14.1 All offices organise Hindi Day every year on 14th September and Hindi Week beginning from that day in accordance with the guidelines issued by the Department of Official Language: If 14th September happens to be a holiday, the next working day may be observed as Hindi Day and Hindi Week may be organised beginning from that day. Voluntary organisations engaged in the propagation and spread of Hindi should also be associated with these functions. Various Ministries/Departments/Attached offices/Subordinate offices/Undertakings/Banks/Corporations etc. can organise Hindi Day/Hindi Week on the basis of the programmes mentioned below and such other programmes as they may deem suitable according to their particular circumstances :—

(i) To acquaint the employees with the Official Languages Act, 1963, the Official Languages Rules, 1976, the Official Language Resolution, 1968 and instructions issued by the Department of Official Language from time to time regarding official language policy.

(ii) To organise programmes for practising Hindi noting, drafting, typewriting and shorthand in connection with the official work.

(iii) To issue appeal by the higher officers in a meeting of the employees/officers for the purpose of inspiring them to work in Hindi. Problems encountered in implementation of the instructions regarding progressive use of Hindi may also be discussed in the meeting.

(iv) To distribute and exhibit publicity material with a view to increasing use of Hindi in the official work.

(v) To organise exhibitions of books, glossaries and magazines published in Hindi relating to official matters. In these exhibitions, specimens of the work done or being done in Hindi *viz* Cheques, drawings, noting, charts etc. in Hindi can also be exhibited. Use of bilingual electronic typewriters, word processors, computers etc. can also be exhibited.

(vi) To organise competitions for officers and employees in drafting, noting, typing, stenography, declamations, debates, essay, poetry etc. in Hindi.

(vii) To organise programmes of plays, dramas, songs etc. of good taste in Hindi.

(viii) To organise programmes for giving necessary information to officers and employees regarding periodical reports relating to use of Hindi as official language.

(ix) To give awards, certificates etc. to officers and employees who do commendable work in conducting their official work in Hindi.

14.1.1 Various step taken to ensure progressive use of Hindi in official work are parts of the normal official work. Expenditure involved in various activities for progressive use of Hindi in official work, will, therefore, be managed by the concerned Ministries/Departments/Offices, Undertakings etc. in the same manner as they do for their other activities.

[O.M. No. 1/14034/2/87-O.L. (A-1), dated 21-4-87].

[OM. No. 1/14034/2/87-O.L. (A-1), dated 23-9-87].

अध्याय 14

विविध विषय—हिंदी दिवस/सप्ताह

हिंदी दिवस/सप्ताह का आयोजन

14.1 सभी कार्यालय राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए मार्गदर्शी रूपरेखा के अनुसार हर वर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस तथा उस दिन से शुरू करके हिन्दी सप्ताह मनाएं। यदि 14 सितंबर को छुट्टी हो तो उसके अगले दिन हिंदी दिवस मनाया जाए या हिंदी सप्ताह आरंभ किया जाए। तत्सम्बन्धी आयोजनों में हिंदी के प्रचार-प्रसार में लगी स्वयंसेवी संस्थाओं को भी शामिल किया जाए। विभिन्न मंत्रालय/विभाग/संबद्ध कार्यालय/अधीनस्थ कार्यालय/उपक्रम/बैंक/निगम आदि नीचे लिखे कार्यक्रमों के अलावा अपनी विशेष परिस्थितियों के अनुसार और कार्यक्रमों के आधार पर हिन्दी दिवस/हिन्दी सप्ताह आयोजित कर सकते हैं :–

(1) राजभाषा अधिनियम 1963, राजभाषा नियम 1976, राजभाषा संकल्प 19[illegible] तथा राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए राजभाषा नीति संबंधी आदेशों से कर्मचारियों को परिचित कराना

(2) सरकारी कार्य से संबंधित हिंदी में टिप्पण, आलेखन, टंकण और आशुलिपि के अभ्यास के लिए कार्यक्रम आयोजित करना।

(3) हिन्दी में काम करने के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से उच्च पदाधिकारियों द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों की बैठक में आह्वान किया करना। हिन्दी के उत्तरोत्तर प्रयोग संबंधी नियमों के कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाईयों पर भी इस बैठक में विचार-विमर्श किया जा सकता है।

(4) हिन्दी में काम बढ़ाने की दृष्टि से प्रचार सामग्री का वितरण तथा दर्शन।

(5) हिन्दी में प्रकाशित कार्यालयीन विषयों से संबंधित पुस्तकों, शब्दावलियों और पत्रिकाओं आदि की प्रदर्शनी आयोजित करना। इन प्रदर्शनियों में हिन्दी में हुए या हो रहे कामकाज के नमूनों जैसे हिन्दी में चैकों, ड्राइंगों, नोटिंग, चार्टों आदि का भी प्रदर्शन किया जा सकता है। द्विभाषी इलेक्ट्रानिक टाइपराइटर, वर्ड-प्रोसेसर, कम्प्यूटर आदि के प्रयोग का भी प्रदर्शन किया जा सकता है।

(6) अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए हिन्दी में आलेखन, टिप्पण, टंकण, आशुलिपि, भाषण, वादविवाद, निबन्ध, कवितापाठ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित करना।

(7) हिन्दी में सुरुचिपूर्ण अभिनय, नाट्य, गीत आदि कार्यक्रम आयोजित करना।

(8) राजभाषा हिन्दी से संबंधित आवधिक रिपोर्टों के संबंध में अधिकारियों तथा कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित करना।

(9) हिन्दी में सराहनीय शासकीय कार्य करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पुरस्कार, प्रमाणपत्र आदि प्रदान किया जाना।

14.1.1 राजभाषा हिन्दी में शासकीय कार्य को बढ़ावा देने से संबंधित कार्य कार्यालयीन कार्यों के ही अंग हैं। इसलिए जिस प्रकार मंत्रालय/विभाग/कार्यालय/उपक्रम आदि द्वारा अन्य कार्यालयीन कार्यों के लिए खर्च की व्यवस्था की जाती है उसी प्रकार हिन्दी के राजभाषा के तौर पर उत्तरोत्तर प्रयोग से संबंधित कार्यों के लिए भी वे खर्चे की व्यवस्था करेंगे।

[का० ज्ञा० सं० 1/14034/2/87–रा० भा० (क–1) दिनांक 21-4-87]

[का० ज्ञा० सं० 1/14034/2/87–रा० भा० (क–1) दिनांक 23-9-87]

APPENDIX I

CONSTITUTIONAL PROVISIONS REGARDING OFFICIAL LANGUAGE

Official Language Policy of the Union

CONSTITUTION OF INDIA—Part V(120), Part VI (210) and Part XVII

Part V

Language to be used in Parliament

120. (1) Notwithstanding anything in Part XVII, but subject to the provisions of article 348, business in Parliament shall be transacted in Hindi or in English :

Provided that the Chairman of the Council of States or Speaker of the House of the People, or person acting as such, as the case may be may permit any member who cannot adequately express himself in Hindi or in English to address the House in his mother tongue.

(2) Unless Parliament by law otherwise provides, this article shall after the expiration of a period of fifteen years from the commencement of this Constitution, have effect as if the words "or in English" were omitted therefrom.

Part VI

Language to be used in the Legislature *

210. (1) Notwithstanding anything in Part XVII, but subject to the provisions of article 348, business in the Legislature of a State shall be transacted in the Official Language or Languages of the State or in Hindi or in English :

Provided that the Speaker of the Legislative Assembly or Chairman of the Legislative Council, or person acting as such as the case may be, may permit any member who cannot adequately express himself in any of the languages aforesaid to address the House in his mother-tongue. (This article is not applicable to Jammu & Kashmir).

(2) Unless the Legislature of the State by law otherwise provides, this article shall, after the expiration of a period of fifteen years from the commencement of this Constitution, have effect as if the words "or in English" were omitted therefrom :

"Provided that in re ion to the Legislatures of the States of Him hal Pradesh, Manipur, Meghalaya and Tripur this clause shall have effect as if for the word "fifteen years" occurring therein, the words " enty five years" were substituted." .

Part XVII

Language of the Union

343. (1) The Offi l Language of the Union shall be Hindi in D nagari script.

The form of num als to be used for the official purposes of th Union shall be the international form of Ind n numerals.

(2) Notwithstandir anything in clause (1), for a period of fifteer years from the commencement of this Constitu on, the English Language shall continue to b used for all the official purposes of the Un n for which it was being used immediately be re such commencement :

Provided that the President may, during the said period, by ord authorise the use of the Hindi language in ad tion to the English language and of the Devanag form of numerals in addition to internationa form of Indian numerals for any of the offic l purposes of the Union.

(3) Notwithstanding anything in this article, Parliament may by law provide for the use, after the said period of fifteen years, of—

(a) the English Language, or

(b) the Devanagari form of numerals,

for such purposes as may be specified in the law.

Commission and Committee of Parliament on Official Language

344. (1) The President shall, at the expiration of five years from the commencement of this

*The provisions of the part shall apply to the State of Jammu and Kashmir only in so far as they relate to: —

(i) theffic Oial Language of the Union,

(ii) the Official Language for communication between one State and another or between a State and the Union, and

(iii) the language of the proceedings in the Supreme Court.

परिशिष्ट I

राजभाषा संबंधी संवैधानिक उपबंध

संघ की राजभाषा नीति

भारत का संविधान—भाग 5 (120), भाग 6 (210) और भाग 17

भाग 5

संसद में प्रयुक्त होने वाली भाषा

120. (1) भाग में किसी बात के होते हुए भी, किन्तु अनुच्छेद 348 के उपबंधों के अधीन रहते हुए संसद में कार्य हिन्दी में या अंग्रेजी में किया जाएगा :

परन्तु, यथास्थिति, राज्य सभा का सभापति या लोक-सभा का अध्यक्ष अथवा उस रूप में कार्य करने वाला व्यक्ति किसी सदस्य को जो हिन्दी में या अंग्रेजी में अपनी पर्याप्त अभिव्यक्ति नहीं कर सकता, अपनी मातृभाषा में सदन को संबोधित करने की अनुज्ञा दे सकेगा ।

(2) जब तक संसद विधि द्वारा अन्यथा उपबंध न करे तब तक इस संविधान के प्रारम्भ से 15 वर्ष की कालावधि की समाप्ति के पश्चात् यह अनुच्छेद ऐसे प्रभावी होगा मानो कि "या अंग्रेजी में" शब्द उसमें से लुप्त कर दिए गए हैं ।

भाग 6

विधान-मंडल में प्रयुक्त होने वाली भाषा

210. (1) भाग में किसी बात के होते हुए भी, किन्तु अनुच्छेद 348 के उपबंधों के अधीन रहते हुए, राज्य के विधान-मंडल में कार्य राज्य की राजभाषा या भाषाओं में या हिन्दी में या अंग्रेजी में किया जाएगा :

परन्तु, यथास्थिति, विधानसभा का अध्यक्ष या विधान परिषद् का सभापति अथवा उस रूप में कार्य करने वाला व्यक्ति किसी सदस्य को जो पूर्वोक्त भाषाओं में से किसी में अपनी पर्याप्त अभिव्यक्ति नहीं कर सकता, अपनी मातृ-भाषा में सदन को सम्बोधित करने की अनुज्ञा दे सकेगा । (यह अनुच्छेद जम्मू-कश्मीर पर लागू नहीं है ।)

(2) जब तक राज्य का विधान मंडल विधि द्वारा अन्यथा उपबंध न करे तब तक इस संविधान के आरम्भ से पन्द्रह वर्ष की कालावधि की समाप्ति के पश्चात् यह अनुच्छेद ऐसे प्रभावी होगा मानो कि "या अंग्रेजी में" ये शब्द उसमें से लुप्त कर दिए गए हों :

"परन्तु हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा के राज्य विधान मंडलों के संबंध में यह खंड इस प्रकार प्रभावी होगा मानो कि उसमें आने वाले "पन्द्रह वर्ष" शब्दों के स्थान पर "पच्चीस वर्ष" शब्द रख दिए गए हों ।"

भाग 17*

संघ की राजभाषा

343. (1) संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी ।

संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अन्तर्राष्ट्रीय रूप होगा ।

(2) खण्ड (1) में किसी बात के होते हुए भी, इस संविधान के प्रारम्भ से पन्द्रह वर्ष की अवधि तक संघ के उन शासकीय प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा का प्रयोग किया जाता रहेगा जिनके लिए उसका ऐसे प्रारम्भ से ठीक पहले प्रयोग किया जा रहा था :

परन्तु राष्ट्रपति उक्त अवधि के दौरान, आदेश द्वारा, संघ के शासकीय प्रयोजनों में से किसी के लिए अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त हिन्दी भाषा का और भारतीय अंकों के अन्तर्राष्ट्रीय रूप के अतिरिक्त देवनागरी रूप का प्रयोग प्राधिकृत कर सकेगा ।

(3) इस अनुच्छेद में किसी बात के होते हुए भी, संसद उक्त पन्द्रह वर्ष की अवधि के पश्चात्, विधि द्वारा—

(क) अंग्रेजी भाषा का, या

(ख) अंकों के देवनागरी रूप का,

ऐसे प्रयोजनों के लिए प्रयोग का उपबन्ध कर सकेगी जो ऐसी विधि में विनिर्दिष्ट किए जाएं ।

राजभाषा के लिए आयोग और संसद की समिति

344. (1) राष्ट्रपति, इस संविधान के प्रारम्भ से पांच वर्ष की समाप्ति पर और तत्पश्चात् ऐसे प्रारम्भ से

---

*इस भाग के उपबन्ध जम्मू और कश्मीर राज्य को केवल वहीं तक लागू होंगे जहां तक कि वे :—

(i) संघ की राजभाषा,

(ii) एक राज्य और दूसरे राज्य के बीच अथवा किसी राज्य और संघ के बीच संचार की राजभाषा, और

(iii) उच्चतम न्यायालय में कार्यवाहियों की भाषा से संबंधित है ।

Constitution and thereafter at the expiration of ten years from such commencement, by order constitute a Commission which shall consist of a Chairman and such other members representing the different languages specified in the Eighth Schedule as the President may appoint, and the order shall define the procedure to be followed by the Commission.

(2) It shall be the duty of the Commission to make recommendations to the President as to—

(a) the progressive use of the Hindi language for the official purposes of the Union ;

(b) restrictions on the use of the English language for all or any of the official purposes of the Union ;

(c) the language to be used for all or any of the purposes mentioned in article 348 ;

(d) the form of numerals to be used for any one or more specified purposes of the Union ;

(e) any other matter referred to the Commission by the President as regards the official language of the Union and the language for communication between the Union and a State or between the State and another and their use.

(3) In making their recommendations under clause (2), the Commission shall have due regard to the industrial, cultural and scientific advancement of India, and the just claims and the interests of persons belonging to the non-Hindi speaking areas in regard to the public services.

(4) There shall be a constituted Committee consisting of thirty members, of whom twenty shall be members of the House of the People and ten shall be members of the Council of States to be elected respectively by the members of the Council of States in accordance with the system of proportional representation by means of the single transferable votes.

(5) It shall be the duty of the Committee to examine the recommendations of the Commission constituted under clause (1) and to report to the President their opinion thereon.

(6) Notwithstanding anything in article 343 the President, may after consideration of the report referred to in clause (5), issue directions in accordance with the whole or any part of that report.

REGIONAL LANGUAGES

Official Language or Languages of a State

345. Subject to the provisions of articles 345 and 347, the Legislature of a State may by law adopt any one or more of the languages in use in the State or Hindi as the language or languages to be used for all or any of the official purposes of that State :

Provided that, until the Legislature of the State otherwise provides by law, the English language shall continue to be used for those official purposes within the State for which it was being used immediately before the commencement of this Constitution.

Official Language for communication between one State and another or between a State and the Union

346. The language for the time being authorised for use in the Union for official purposes shall be the Official language for communication between one State and another State and between a State and the Union :

Provided that if two or more States agree that the Hindi language should be the official language for communication between such State, that language may be used for such communication.

Special provision relating to language spoken by a section of the population of a State

347. On a demand being made in that behalf the President may, if he is satisfied that a substantial proportion of the population of a State desire the use of any language spoken by them to be recognised by that State, direct that such language shall also be officially recognised throughout that State or any part thereof for such purpose as he may specify.

LANGUAGE OF THE SUPREME COURT, HIGH COURTS, ETC.

Language to be used in the Supreme Court and in the High Courts and for Act, Bills etc.

348. (1) Notwithstanding anything in foregoing provisions of this part, until Parliament by law otherwise provides—

(a) all proceedings in the Supreme Court and in every High Court,

(b) the authoritative texts—

(i) of all Bills to be introduced or amendments thereto to be moved in either House of Parliament or in the House or either House of the Legislature of a State.

दस वर्ष की समाप्ति पर, आदेश द्वारा, एक आयोग गठित करेगा जो एक अध्यक्ष और आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट विभिन्न भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले ऐसे अन्य सदस्यों से मिलकर बनेगा जिनको राष्ट्रपति नियुक्त करें और आदेश में आयोग द्वारा अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया परिनिश्चित की जाएगी ।

(2) आयोग का यह कर्तव्य होगा कि वह राष्ट्रपति को—

(क) संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए हिन्दी भाषा के अधिकाधिक प्रयोग ;

(ख) संघ के सभी या किन्हीं शासकीय प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा के प्रयोग पर निर्बन्धनों;

(ग) अनुच्छेद 348 में उल्लिखित सभी या किन्हीं प्रयोजनों के लिए प्रयोग की जाने वाली भाषा;

(घ) संघ के किसी एक या अधिक विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए प्रयोग किए जाने वाले अंकों के रूप;

(ङ) संघ की राजभाषा तथा संघ और किसी राज्य के बीच या एक राज्य और दूसरे राज्य के बीच पत्रादि की भाषा और उनके प्रयोग के संबंध में राष्ट्रपति द्वारा आयोग को निर्देशित किए गए किसी अन्य विषय, के बारे में सिफारिश करे ।

(3) खण्ड (2) के अधीन अपनी सिफारिशें करने में, आयोग भारत की औद्योगिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक उन्नति का और लोक सेवाओं के संबंध में अहिन्दी भाषी क्षेत्रों के व्यक्तियों के न्यायसंगत दावों और हितों का सम्यक् ध्यान रखेगा ।

(4) एक समिति गठित की जाएगी जो तीस सदस्यों से मिलकर बनेगी जिनमें से बीस लोक सभा के सदस्य होंगे और दस राज्य सभा के सदस्य होंगे जो क्रमशः लोक सभा के सदस्यों और राज्य सभा के सदस्यों द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा निर्वाचित होंगे ।

(5) समिति का यह कर्तव्य होगा कि वह खण्ड (1) के अधीन गठित आयोग की सिफारिशों की परीक्षा करें और राष्ट्रपति को उन पर अपनी राय के बारे में रिपोर्ट दे ।

(6) अनुच्छेद 343 में किसी बात के होते हुए भी, राष्ट्रपति खण्ड (5) में निर्दिष्ट रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् उस सम्पूर्ण रिपोर्ट के या उसके किसी भाग के अनुसार निदेश जारी कर सकेगा ।

प्रादेशिक भाषाएं

राज्य की राजभाषा या राजभाषाएं

345. अनुच्छेद 346 और अनुच्छेद 347 के उपबंधों के अधीन रहते हुए, किसी राज्य का विधान-मण्डल, विधि द्वारा, उस राज्य में प्रयोग होने वाली भाषाओं में से किसी एक या अधिक भाषाओं को या हिन्दी को उस राज्य के सभी या किन्हीं शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग की जाने वाली भाषा या भाषाओं के रूप में अंगीकार कर सकेगा :

परन्तु जब तक राज्य का विधान-मण्डल, विधि द्वारा अन्यथा उपबन्ध न करे तब तक राज्य के भीतरी उन शासकीय प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा का प्रयोग किया जाता रहेगा जिनके लिए उसका इस संविधान के प्रारम्भ से ठीक पहले प्रयोग किया जा रहा था ।

एक राज्य और दूसरे के बीच में अथवा राज्य और संघ के बीच में संचार के लिए राजभाषा

346. संघ में शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग किए जाने के लिए तत्समय प्राधिकृत भाषा, एक राज्य और दूसरे राज्य के बीच तथा किसी राज्य और संघ के बीच पत्रादि की राजभाषा होगी :

परन्तु यदि दो या अधिक राज्य यह करार करते हैं कि उन राज्यों के बीच, पत्रादि की राजभाषा हिन्दी भाषा होगी तो ऐसे पत्रादि के लिए उस भाषा का प्रयोग किया जा सकेगा ।

किसी राज्य के जनसमुदाय के किसी भाग द्वारा बोली जाने वाली भाषा के संबंध में विशेष उपबन्ध

347. यदि इस निमित्त मांग किए जाने पर राष्ट्रपति का यह समाधान हो जाता है कि किसी राज्य की जनसंख्या का पर्याप्त भाग यह चाहता है कि उसके द्वारा बोली जाने वाली भाषा को राज्य द्वारा मान्यता दी जाए तो वह निदेश दे सकेगा कि ऐसी भाषा को भी उस राज्य में सर्वत्र या उसके किसी भाग में ऐसे प्रयोजन के लिए जो वह विनिर्दिष्ट करे, शासकीय मान्यता दी जाए ।

उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों आदि की भाषा

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में तथा अधिनियमों, विधेयकों आदि में प्रयोग की जाने वाली भाषा

348. (1) इस भाग के पूर्वगामी उपबन्धों में किसी बात के होते हुए भी जब तक संसद विधि द्वारा अन्यथा उपबन्ध न करे तब तक—

(क) उच्चतम न्यायालय और प्रत्येक उच्च न्यायालय में सभी कार्यवाहियां

(ख) (i) संसद के प्रत्येक सदन या किसी राज्य के विधान-मण्डल के सदन या प्रत्येक सदन में पुरःस्थापित किए जाने वाले सभी विधेयकों या प्रस्तावित किए जाने वाले उनके संशोधनों के,

(ii) of all Acts passed by Parliament or the Legislature of a State and of all Ordinances promulgated by the President or the Governor*** of a State, and

(iii) of all orders, rules, regulations and bye-laws issued under this Constitution or under any law made by Parliament or the Legislature of a State,

shall be in the English language.

(2) Notwithstanding anything in sub-clause (a) of clause (1), the Governor*** of a State may, with the previous consent of the President, authorise the use of the Hindi language or any other language used for any official purposes of the State, in proceedings in the High Court having its principal seat in that State :

Provided that nothing in this clause shall apply to any judgement, decree or order passed or made by such High Court.

(3) Notwithstanding anything in sub-clause (b) of clause (d), there the Legislature of a State has prescribed any language other than the English language for use in Bills introduced in, or Acts passed by the Legislature of the State or in Ordinances promulgated by the Governor*** of the State or in any order, rule, regulation or bye-law referred to in paragraph (ii) of that sub-clause, a translation of the same in the English language published under authority of the Governor*** of the State in the Official Gazette of that State shall be deemed to be the authoritative text thereof in the English language under this article.

Special procedure for enactment of certain laws relating to language.

349. During the period of fifteen years from the commencement of this Constitution, no bill or amendment making provision for the language to be used for any of the purposes mentioned in clause (1) of article 348 shall be introduced or moved in either House of Parliament without the previous sanction of the President and the President shall not give his sanction to th[illegible] oduction of any such bill of the moving of an such amendment except after he has taken into consideration the recommendations of the Com[illegible] sion constituted under clause (1) of article [illegible] 4 and the report of the Committee co[illegible] ted under clause (4) of that article.

SPEC[illegible]AL DIRECTIVES

Directive for dev[illegible] opment of the Hindi language

351. It sh[illegible]ll [illegible] the duty of the Union to promote the sp[illegible] d of the Hindi language to develop it so t[illegible] it may serve as medium of expression fo[illegible] the [illegible] ments of the composite culture of Indi[illegible] and to secure its enrichment by assimilati[illegible] without interfering with its genius, the for[illegible] style and expressions used in Hindustani a[illegible] d [illegible] other languages of India specified in the [illegible] hth Schedule, and by drawing, wherever nec[illegible] y or desirable, for its vocabulary, primarily [illegible] Sanskrit and secondarily on other languages

Schedule VIII

[Art. 344(1) & 351]

Languages

1. Assamese	2. Oriya	3. Urdu
4. Kannada	5. Kashmiri	6. Gujarati
7. Tamil	8. Telugu	9. Punjabi
10. Bengali	11. Marathi	12. Malyalam
13. Sanskrit	14. Sindhi	15. Hindi.
		16. Konkani

***The words "or Rajpramukh" omitted by the Consritution (Seventh Amendment) Act, 1956, S, 29 and Sch.

(ii) संसद या किसी राज्य के विधान-मण्डल द्वारा पारित सभी अधिनियमों के और राष्ट्रपति या किसी राज्य के राज्यपाल*** द्वारा प्रख्यापित सभी अध्यादेशों के, और

(iii) इस संविधान के अधीन अथवा संसद या किसी राज्य के विधान मण्डल द्वारा बनाई गई किसी विधि के अधीन जारी किए गए सभी आदेशों, नियमों, विनियमों और उपविधियों के,

प्राधिकृत पाठ अंग्रेजी भाषा में होंगे ।

(2) खण्ड (1) के उपखण्ड (क) में किसी बात के होते हुए भी, किसी राज्य का राज्यपाल*** राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से उस उच्च न्यायालय की कार्यवाहियों में जिसका मुख्य स्थान उस राज्य में है, हिन्दी भाषा का या उस राज्य के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाली किसी अन्य भाषा का प्रयोग प्राधिकृत कर सकेगा ।

परन्तु इस खण्ड की कोई बात ऐसे उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय, डिक्री या आदेश को लागू नहीं होगी ।

(3) खण्ड (1) के उपखण्ड (ख) में किसी बात के होते हुए भी, जहां किसी राज्य के विधान-मण्डल ने, उस विधान-मण्डल में पुरःस्थापित विधेयकों या उसके द्वारा पारित अधिनियमों में अथवा उस राज्य के राज्यपाल*** द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों में अथवा उस उपखण्ड के पैरा (iii) में निर्दिष्ट किसी आदेश, नियम, विनियम या उपविधि में प्रयोग के लिए अंग्रेजी भाषा से भिन्न कोई भाषा विहित की है वहां उस राज्य के राजपत्र में उस राज्य के राज्यपाल*** के प्राधिकार से प्रकाशित अंग्रेजी भाषा में उसका अनुवाद इस अनुच्छेद के अधीन उसका अंग्रेजी भाषा में प्राधिकृत पाठ समझा जाएगा ।

भाषा संबंधी कुछ विधियों को अधिनियमित करने के लिए विशेष प्रक्रिया

349. इस संविधान के प्रारम्भ से पन्द्रह वर्ष की अवधि के दौरान, अनुच्छेद 348 के खण्ड (1) में उल्लिखित किसी प्रयोजन के लिए प्रयोग की जाने वाली भाषा के लिए उपबन्ध करने वाला कोई विधेयक या संशोधन संसद के किसी सदन में राष्ट्रपति की पूर्व मंजूरी के बिना पुरःस्थापित या प्रस्तावित नहीं किया जाएगा और राष्ट्रपति किसी ऐसे विधेयक को पुरःस्थापित या किसी ऐसे संशोधन को प्रस्तावित किए जाने की मंजूरी अनुच्छेद 344 के खण्ड (1) के अधीन गठित आयोग की सिफारिशों पर और अनुच्छेद के खण्ड (4) के अधीन गठित समिति की रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् ही देगा, अन्यथा नहीं ।

विशेष निदेश

हिन्दी भाषा के विकास के लिए निदेश

351. संघ का यह कर्तव्य होगा कि वह हिन्दी भाषा का प्रसार बढ़ाए, उसका विकास करे ताकि वह भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके और उसकी प्रकृति में हस्तक्षेप किए बिना हिन्दुस्तानी के और आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट भारत की अन्य भाषाओं के प्रयुक्त रूप, शैली और पदों को आत्मसात करते हुए और जहां आवश्यक या वांछनीय हो वहां उसके शब्द-भण्डार के लिए मुख्यतः संस्कृत से और गौणतः अन्य भाषाओं से शब्द ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करे ।

अष्टम अनुसूची

(अनुच्छेद 344 (1) और 351)

1. असमिया	2. उड़िया	3. उर्दू
4. कन्नड़	5. कश्मीरी	6. गुजराती
7. तमिल	8. तेलुगु	9. पंजाबी
10. बंगला	11. मराठी	12. मलयालम
13. संस्कृत	14. सिन्धी	15. हिन्दी

———

***"या राजप्रमुख संविधान" (सप्तम संशोधन) अधिनियम, 1956, धारा 29 और अनुसूची द्वारा लुप्त कर दिए गए ।

APPENDIX II

THE OFFICIAL LANGUAGES ACT, 1963

(Act No. 19 of 1963)

[10*th May* 1963]

An Act to provide for the languages which may be used for the official purposes of the Union, for translation of business in Parliament, for Central and State Acts and for certain purposes in High Courts.

Be it enacted by Parliament in the fourteenth Year of the Republic of India as follows :—

1. **Short title and Commencement.**—(1) This Act may be called the Official Languages Act, 1963.

(2) Section 3 shall come into force on the 26th day of January, 1965 and the remaining provisions of this Act shall come into force on such date[1] as the Central Government may by notification in the Official Gazette, appoint and different dates may be appointed different provisions of this Act.

2. **Definitions.**—In this Act, unless the context otherwise requires,—

(a) "appointed day", in relation to section 3, means the 26th day of January, 1965 and in relation to any other provision of this Act, means the day on which that provision comes into force;

(b) "Hindi" means Hindi in Devanagari Script.

[2][3. **Continuance of English Language for official purposes of the Union and for use in Parliament.**—(1) Notwithstanding the expiration of the period of fifteen years from the commencement of the Constitution, the English language may, as from the appointment day, continue to be used in addition to Hindi—

(a) for all the official purposes of the Union for which it was being used immediately before that day, and

(b) for the transaction of business in Parliament:

Provided that the English language shall be used for purposes of communication between the Union and a State which has not adopted Hindi as its Official Language :

Provided further that where Hindi is used for purposes of communication between one State which has adopted Hindi as its official language and another State which has not adopted Hindi as its Official Language, such communication in Hindi shall be accompanied by a translation of the same in the English language :

Provided also that nothing in this sub-section shall be construed as preventing a State which has not adopted Hindi as its official language from using Hindi for purposes of communication with the Union or with a State which has adopted Hindi as its official language, or by agreement with any other State, and in such a case, it shall not be obligatory to use the English language for purposes of communication with that State,

(2) Notwithstanding anything contained in sub-section (1) where Hindi or the English Language is used for purposes of communication—

(i) between one Ministry or Department or office of the Central Government and another;

---

[1]S. 5(1) comes into force on the 10 January, 1965 *vide* notification No. S.O 94, dated the 4th January 1965, Gazette of India, Pt II Sec. 3(ii) p. 128. S. 6. comes into force on the 19th May 1969, *vide* notification No. S.O. 1945, dated the 14th May, 1989, Gazette of India Pt. II Sec. 3(ii) p. 2024 S. 7 comes into force on the 7th March, 1970 *vide* Notification No. S.O. 841 dated the 26th February, 1970, Gazette of India Pt. II Sec 3(ii).

S. 5(2) comes into force on the 1st Oct 1976 *vide* Notification No. S.O. 655( ) dated the 5h October, 1976, Gazette of India, Pt. II Sec. 3(ii) p. 1901.

[2]Substituted by Act 1 of 1968, section 2 for section 3.

परिशिष्ट II

राजभाषा अधिनियम, 1963

(1963 का अधिनियम संख्यांक 19)

[10 मई, 1963]

उन भाषाओं का, जो संघ के राजकीय प्रयोजनों, संसद में कार्य के संव्यवहार, केन्द्रीय और राज्य अधिनियमों और उच्च न्यायालयों में कतिपय प्रयोजनों के लिए प्रयोग में लाई जा सकेंगी, उपबन्ध करने के लिए अधिनियम

भारत गणराज्य के चौदहवें वर्ष में संसद् द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ—(1) यह अधिनियम राजभाषा अधिनियम, 1963 कहा जा सकेगा।

(2) धारा 3, जनवरी, 1965 के 26वें दिन को प्रवृत्त होगी और इस अधिनियम के शेष उपबन्ध उस तारीख[1] को प्रवृत्त होंगे जिसे केन्द्रीय सरकार शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, नियत करे और इस अधिनियम के विभिन्न उपबन्धों के लिए विभिन्न तारीखें नियत की जा सकेंगी।

2. परिभाषाएं—इस अधिनियम में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "नियत दिन" से, धारा 3 के सम्बन्ध में, जनवरी, 1965 का 26वां दिन अभिप्रेत है और इस अधिनियम के किसी अन्य उपबन्ध के सम्बन्ध में वह दिन अभिप्रेत है जिस दिन को वह उपबन्ध प्रवृत्त होता है;

(ख) "हिन्दी" से वह हिन्दी अभिप्रेत है जिसकी लिपि देवनागरी है।

[2][**3. संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए और संसद में प्रयोग के लिए अंग्रेजी भाषा का रहना**—(1) संविधान के प्रारम्भ से पन्द्रह वर्ष की कालावधि की समाप्ति हो जाने पर भी, हिन्दी के अतिरिक्त अंग्रेजी भाषा, नियत दिन से ही—

(क) संघ के उन सब राजकीय प्रयोजनों के लिए जिनके लिए वह उस दिन से ठीक पहले प्रयोग में लाई जाती थी; तथा

(ख) संसद में कार्य के संव्यवहार के लिए; प्रयोग में लाई जाती रह सकेगी :

परन्तु संघ और किसी ऐसे राज्य के बीच, जिसने हिन्दी को अपनी राजभाषा के रूप में नहीं अपनाया है, पत्रादि के प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा प्रयोग में लाई जाएगी :

परन्तु यह और कि जहां किसी ऐसे राज्य के, जिसने हिन्दी को अपनी राजभाषा के रूप में अपनाया है और किसी अन्य राज्य के जिसने हिन्दी को अपनी राजभाषा के रूप में नहीं अपनाया है, बीच पत्रादि के प्रयोजनों के लिए हिन्दी को प्रयोग में लाया जाता है, वहां हिन्दी में ऐसे पत्रादि के साथ-साथ उसका अनुवाद अंग्रेजी भाषा में भेजा जाएगा :

परन्तु यह और भी कि इस उपधारा की किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि वह किसी ऐसे राज्य को, जिसने हिन्दी को अपनी राजभाषा के रूप में नहीं अपनाया है, संघ के साथ या किसी ऐसे राज्य के साथ जिसने हिन्दी को अपनी राजभाषा के रूप में अपनाया है, या किसी अन्य राज्य के साथ, उसकी सहमति से, पत्रादि के प्रयोजनों के लिए हिन्दी को प्रयोग में लाने से निवारित करती है, और ऐसे किसी मामले में उस राज्य के साथ पत्रादि के प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा का प्रयोग बाध्यकर न होगा।

(2) उपधारा (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, जहां पत्रादि के प्रयोजनों के लिए हिन्दी या अंग्रेजी भाषा—

(i) केन्द्रीय सरकार के एक मंत्रालय या विभाग या कार्यालय के और दूसरे मंत्रालय या विभाग या कार्यालय के बीच;

---

[1]तारीख 10 जनवरी, 1965 को धारा 5(1) प्रवृत्त हुई, देखिए भारत का राजपत्र, अंग्रेजी भाग 2, अनुभाग 3(ii), पृष्ठ 128 पर प्रकाशित अधिसूचना संख्यांक का० आ० 94 तारीख 4 जनवरी, 1965, तारीख 19 मई, 1969 को धारा 6 प्रवृत्त हुई, देखिए भारत का राजपत्र (अंग्रेजी) भाग 2, अनुभाग 3 (ii) पृष्ठ 2024 पर प्रकाशित अधिसूचना संख्यांक का० आ० 1945, तारीख 14 मई, 1969, तारीख 7 मार्च, 1970 को धारा 7 प्रवृत्त हुई देखिए भारत का राजपत्र, अंग्रेजी भाग 2, अनुभाग 3 (ii) में प्रकाशित अधिसूचना संख्यांक का० आ० 841, तारीख 26 फरवरी, 1970.

धारा 5(2) तारीख 1 अक्तूबर, 1976 को प्रवृत्त हुई, देखिए भारत का राजपत्र, अंग्रेजी भाग 2, अनुभाग 3(ii) पृष्ठ 1901 पर प्रकाशित अधिसूचना संख्यांक का० आ० 635 (ई) तारीख 5 अक्तूबर, 1976.

[2]1968 के अधिनियम संख्यांक 1 की धारा 2 द्वारा धारा 3 के स्थान पर प्रतिस्थापित।

(ii) between one Ministry or Department or office of the Central Government and any corporation or company owned or controlled by the Central Government or any office thereof;

(iii) between any corporation or company owned or controlled by the Central Government or any Office thereof and another;

a translation of such communication in the English language or, as the case may be, in Hindi shall also be provided till such date as the staff of the concerned Ministry, Department, office or corporation or company aforesaid have acquired a working knowledge of Hindi.

(3) Notwithstanding anything contained in sub-section (1) both Hindi and the English language shall be used for—

(i) resolutions, general orders, rules, notifications, administrative or other reports or Press communiques issued or made by the Central Government or by a Ministry, Department or office thereof or by a corporation or company owned or controlled by the Central Government or by any office of such corporation or company;

(ii) Administrative and other reports and official papers laid before a House or the Houses of Parliament;

(iii) contracts and agreements executed, and licences, permits, notices and forms of tender issued, by or on behalf of the Central Government or any Ministry, Department or office thereof or by a corporation or company owned or controlled by the Central Government or by any office of such corporation or company.

(4) Without prejudice to the provisions of sub-section (1) or sub-section (2) or sub-section (3) the Central Government may, by rules made under section 8, provide for the language/languages to be used for the official purpose of the Union including the working of any Ministry, Department, section or office, and in making such rules, due consideration shall be given to the quick and efficient disposal of the official business and the interests of the general public and in particular, the rules so made shall ensure that persons serving in connection with the affairs of the Union and having proficiency either in Hindi or in the Engl..h language may function effectively and that they are not placed at a disadvantage on the ground that they do not have proficiency in both the languages.

(5) The provision.. of clause (a) of sub-section (1), and the p... visio.. of sub-section (2), sub-section (3) and ...-section (4) shall remain in force until resolut... ns for the discontinuance of the use of the E... ish language for the purpose mentioned the... n have been passed by the Legislature of al... he States which have not adopted Hindi as th... ir Official Language and until after consideri... the resolution aforesaid a resolution for suc... discontinuance has been passed by each Ho... e of Parliament.

4. **Committee on Official Language.**—(1) After the expiration ... ten years from the date on which section 3 c... nes into force, there shall be constituted a Com... ittee on Official Language, on a resolution to ... at effect being moved in either House of Pa... ament with the previous sanction of the Pre... lent and passed by both Houses.

(2) The Commi...e shall consist of thirty members, of whom ... went. shall be members of the House of th... peop.le and ten shall be members of the Co... il of States, to be elected respectively by the ... members of the House of the People and the ... embers of the Council of States in accordance ... with the system of proportional representation by means of the single transferable vote.

(3) It shall be t... duty of the Committee to review the progress ... made in the use of Hindi for the official purp... e of the Union and submit a report to the Pr... ident making recommendations thereon an... the President shall cause the report to be l... l before each House of Parliament and sent ... all the State Governments.

(4) The preside... may, after consideration of the report referr... to in sub-section (3), and the views, if any, ... pressed by the State Government thereon, is... e directions in accordance with the whole or ... ny part of the report :

[1][Provided that ... e direction so issued shall not be inconsistent ... th the provisions of section 3.]

[1] Inserted by Act of 1968, section 3.

(ii) केन्द्रीय सरकार के एक मंत्रालय या विभाग या कार्यालय के और केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में के या नियंत्रण में के किसी निगम या कम्पनी या उनके किसी कार्यालय के बीच;

(iii) केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में के या नियंत्रण में के किसी निगम या कम्पनी या उसके किसी कार्यालय के और किसी अन्य ऐसे निगम या कम्पनी या कार्यालय के बीच;

प्रयोग में लाई जाती है वहां उस तारीख तक, जब तक पूर्वोक्त संबंधित मंत्रालय, विभाग, कार्यालय या विभाग या कम्पनी का कर्मचारीवृन्द हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त नहीं कर लेता ऐसे पत्रादि का अनुवाद, यथास्थिति, अंग्रेजी भाषा या हिन्दी में भी दिया जाएगा ।

(3) उपधारा (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, हिन्दी और अंग्रेजी भाषा दोनों ही—

(i) संकल्पों, साधारण आदेशों, नियमों, अधिसूचनाओं, प्रशासनिक या अन्य प्रतिवेदनों या प्रेस विज्ञप्तियों के लिए, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा या उसके किसी मंत्रालय, विभाग या कार्यालय द्वारा या केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में के या नियंत्रण में के किसी निगम या कम्पनी द्वारा या ऐसे निगम या कम्पनी के किसी कार्यालय द्वारा निकाले जाते हैं या किए जाते हैं;

(ii) संसद के किसी सदन या सदनों के समक्ष रखे गए प्रशासनिक तथा अन्य प्रतिवेदनों और राजकीय कागज-पत्रों के लिए;

(iii) केन्द्रीय सरकार या उसके किसी मंत्रालय, विभाग या कार्यालय द्वारा या उसकी ओर से या केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में के या नियंत्रण में के किसी निगम या कम्पनी द्वारा या ऐसे निगम या कम्पनी के किसी कार्यालय द्वारा निष्पादित संविदाओं और करारों के लिए तथा निकाली गई अनुज्ञप्तियों, अनुज्ञापत्रों, सूचनाओं और निविदा-प्ररूपों के लिए,

प्रयोग में लाई जाएंगी ।

(4) उपधारा (1) या उपधारा (2) या उपधारा (3) के उपबन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना यह है कि केन्द्रीय सरकार धारा 8 के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा उस भाषा या उन भाषाओं का उपबन्ध कर सकेगी जिसे या जिन्हें संघ के राजकीय प्रयोजन के लिए, जिसके अन्तर्गत किसी मंत्रालय, विभाग, अनुभाग या कार्यालय का कार्यकरण है, प्रयोग में लाया जाना है और ऐसे नियम बनाने में राजकीय कार्य के शीघ्रता और दक्षता के साथ निपटारे का तथा जन साधारण के हितों का सम्यक् ध्यान रखा जाएगा और इस प्रकार बनाए गए नियम विशिष्टतया यह सुनिश्चित करेंगे कि जो व्यक्ति संघ के कार्यकलाप के सम्बन्ध में सेवा कर रहे हैं और जो या तो हिन्दी में या अंग्रेजी भाषा में प्रवीण हैं वे प्रभावी रूप से अपना काम कर सकें और यह भी कि केवल इस आधार पर कि वे दोनों ही भाषाओं में प्रवीण नहीं है उनका कोई अहित नहीं होता है ।

(5) उपधारा (1) के खण्ड (क) के उपबन्ध और उपधारा (2), उपधारा (3) और उपधारा (4) के उपबन्ध तब तक प्रवृत्त बने रहेंगे जब तक उनमें वर्णित प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा का प्रयोग समाप्त कर देने के लिए ऐसे सभी राज्यों के विधान मण्डलों द्वारा, जिन्होंने हिन्दी को अपनी राजभाषा के रूप में नहीं अपनाया है, संकल्प पारित नहीं कर दिए जाते और जब तक पूर्वोक्त संकल्पों पर विचार कर लेने के पश्चात् ऐसी समाप्ति के लिए संसद के हर एक सदन द्वारा संकल्प पारित नहीं कर दिया जाता ।

4. राजभाषा के सम्बन्ध में समिति—(1) जिस तारीख को धारा 3 प्रवृत्त होती है उससे दस वर्ष की समाप्ति के पश्चात् राजभाषा के सम्बन्ध में एक समिति, इस विषय का संकल्प संसद के किसी भी सदन में राष्ट्रपति की पूर्व मंजूरी से प्रस्तावित और दोनों सदनों द्वारा पारित किए जाने पर, गठित की जाएगी ।

(2) इस समिति में तीस सदस्य होंगे जिनमें से बीस लोक सभा के सदस्य होंगे तथा दस राज्य सभा के सदस्य होंगे, जो क्रमशः लोक सभा के सदस्यों तथा राज्य सभा के सदस्यों द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा निर्वाचित होंगे ।

(3) इस समिति का कर्त्तव्य होगा कि वह संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए हिन्दी के प्रयोग में की गई प्रगति का पुनर्विलोकन करे और उस पर सिफारिशें करते हुए राष्ट्रपति को प्रतिवेदन करे और राष्ट्रपति उस प्रतिवेदन को संसद के हर एक सदन के समक्ष रखवाएगा और सभी राज्य सरकारों को भिजवाएगा ।

(4) राष्ट्रपति उपधारा (3) में निर्दिष्ट प्रतिवेदन पर और उस पर राज्य सरकारों ने यदि कोई मत अभिव्यक्त किए हों तो उन पर विचार करने के पश्चात् उस समस्त प्रतिवेदन के या उसके किसी भाग के अनुसार निदेश निकाल सकेगा :

[1][परन्तु इस प्रकार निकाले गए निदेश धारा 3 के उपबन्धों से असंगत नहीं होंगे ।]

---

[1]1968 के अधिनियम संख्यांक 1 की धारा 3 द्वारा अन्तःस्थापित ।

5. **Authorised Hindi translation of Central Acts, etc.**—(1) A translation in Hindi published under the authority of the President in the Official Gazette on and after the appointed day—

(a) of any Central Act or of any Ordinance promulgated by the President, or

(b) of any order, rule, regulation or bye-law issued under the Constitution or under any Central Act; shall be deemed to be the authoritative text thereof in Hindi.

(2) As from the appointed day, the authoritative text in the English language of all Bills to be introduced or amendments thereto to be moved in either House of Parliament shall be accompanied by a translation of the same in Hindi authorised in such manner as may be prescribed by rules made under this Act.

6. **Authorised Hindi translation of State Acts in certain cases.**—Where the Legislature of a State has prescribed any language other than Hindi for use in Acts passed by the Legislature of the State or in Ordinances promulgated by the Governor of the State, a translation of the same in Hindi, in addition to a translation thereof in the English language as required by clause (3) of article 348 of the Constitution, may be published on or after the appointed day under the authority of the Governor of the State in the Official Gazette of the State and in such a case, the translation in Hindi or any such Act or Ordinance shall be deemed to be the authoritative text thereof in the Hindi language.

7. **Optional use of Hindi or Other Official language in judgements etc., of High Courts.**—As from the appointed day or any day thereafter the Governor of a State may, with the previous consent of the President, authorise the use of Hindi or the official language of the State, in addition to the English language, for the purposes of any judgement, decree or order passed or made by the High Court for that State and where any judgement, decree or order is passed or made in any such language (other than the English language), it shall be accompanied by a translation of the same in the English language issued under the authority of the High Court.

8. **Power to make rules.**—(1) The Central Government may, by notification in the Official Gazette, make rules for carrying out the purposes of this Act.

(2) Every rule made under this section shall be laid, as soon as may be after it is made, before each House of Parliament while it is in session for a total period of thirty days which may be comprised in one session or in two successive sessions, and if before the expiry of the session in which it is so laid or the session immediately following, both Houses agree that the rule should not be made, the rule shall thereafter have effect only in such modified form or be of no effect, as the case may be so, however that any such modification or annulment shall be without prejudice to the validity of anything previously done under that rule.

9. **Certain provisions not to apply to Jammu and Kashmir.**—The provisions of section 6 and section 7 shall not apply to the State of Jammu and Kashmir.

5. केन्द्रीय अधिनियम आदि का प्राधिकृत हिन्दी अनुवाद—(1) नियत दिन को और उसके पश्चात् शासकीय राजपत्र में राष्ट्रपति के प्राधिकार से प्रकाशित—

(क) किसी केन्द्रीय अधिनियम का या राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित किसी अध्यादेश का, अथवा

(ख) संविधान के अधीन या किसी केन्द्रीय अधिनियम के अधीन निकाले गए किसी आदेश, नियम, विनियम या उपविधि का हिन्दी में अनुवाद उसका हिन्दी में प्राधिकृत पाठ समझा जाएगा।

(2) नियत दिन से ही उन सब विधेयकों के, जो संसद के किसी भी सदन में पुरःस्थापित किए जाने हों और उन सब संशोधनों के, जो उनके सम्बन्ध में संसद के किसी भी सदन में प्रस्तावित किए जाने हों, अंग्रेजी भाषा के प्राधिकृत पाठ के साथ-साथ उनका हिन्दी में अनुवाद भी होगा जो ऐसी रीति से प्राधिकृत किया जाएगा, जो इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित की जाए।

6. कतिपय दशाओं में अधिनियमों का प्राधिकृत हिन्दी अनुवाद—जहां किसी राज्य के विधानमण्डल ने उस राज्य के विधानमण्डल द्वारा पारित अधिनियमों में अथवा उस राज्य के राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों में प्रयोग के लिए हिन्दी से भिन्न कोई भाषा विहित की है वहां, संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) द्वारा अपेक्षित अंग्रेजी भाषा में उसके अनुवाद के अतिरिक्त उसका हिन्दी में अनुवाद उस राज्य के शासकीय राजपत्र में, उस राज्य के राज्यपाल के प्राधिकार से, नियत दिन को या उसके पश्चात् प्रकाशित किया जा सकेगा और ऐसी दशा में ऐसे किसी अधिनियम या अध्यादेश का हिन्दी में अनुवाद हिन्दी भाषा में उसका प्राधिकृत पाठ समझा जाएगा

7. उच्च न्यायालयों के निर्णयों, आदि में हिन्दी या अन्य राजभाषा का वैकल्पिक प्रयोग—नियत दिन से ही या तत्पश्चात् किसी भी दिन से किसी राज्य का राज्यपाल, राष्ट्रपति की पूर्व सम्मति से, अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त हिन्दी या उस राज्य की राजभाषा का प्रयोग, उस राज्य, के उच्च न्यायालय द्वारा पारित या दिए गए किसी निर्णय, डिक्री या आदेश के प्रयोजनों के लिए प्राधिकृत कर सकेगा और जहां कोई निर्णय, डिक्री या आदेश (अंग्रेजी भाषा से भिन्न) ऐसी किसी भाषा में पारित किया या दिया जाता है वहां उसके साथ-साथ उच्च न्यायालय के प्राधिकार से निकाला गया अंग्रेजी भाषा में उसका अनुवाद भी होगा।

8. नियम बनाने की शक्ति—(1) केन्द्रीय सरकार इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा बना सकेगी।

(2) इस धारा के अधीन बनाया गया हर नियम, बनाए जाने के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र, संसद के हर एक सदन के समक्ष, उस समय जब वह सत्र में हो, कुल मिलाकर तीन दिन की कालावधि के लिए, जो एक सत्र में या दो समवर्ती सत्रों में समाविष्ट हो सकेगी, रखा जाएगा और यदि उस सत्र के, जिसमें वह ऐसे रखा हो, या ठीक पश्चात्-वर्ती सत्र के अवसान के पूर्व दोनों सदन उस नियम में कोई उपान्तर करने के लिए सहमत हो जाएं या दोनों सदन सहमत हो जाएं कि वह नियम नहीं बनाया जाना चाहिए तो तत्पश्चात् यथास्थिति, वह नियम ऐसे उपान्तरित रूप में ही प्रभावशाली होगा या उसका कोई भी प्रभाव न होगा, किन्तु इस प्रकार कि ऐसा कोई उपान्तर या बातिलकरण उस नियम के अधीन पहले की गई किसी बात की विधि-मान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना होगा।

9. कतिपय उपबन्धों का जम्मू-कश्मीर को लागू न होना—धारा 6 और धारा 7 के उपबन्ध जम्मू-कश्मीर राज्य को लागू न होंगे।

APPENDIX III

THE OFFICIAL LANGUAGE RESOLUTION, 1968

Ministry of Home Affairs

New Delhi, the 18th January, 1968

The following Government Resolution, as adopted by both Houses of Parliament, is hereby published for general information :—

RESOLUTION

"WHEREAS under article 343 of the Constitution Hindi shall be the official language of the Union, and under article 351 thereof it is the duty of the Union to promote the spread of the Hindi Language and to develop it so that it may serve as a medium of expression for all the elements of the composite culture of India;

This House resolves that a more intensive and comprehensive programme shall be prepared and implemented by the Government of India for accelerating the spread and development of Hindi and its progressive use for the various official purposes of the Union and an annual assessment report giving details of the measures taken and the progress achieved shall be laid on the Table of both Houses of Parliament and sent to all State Governments;

2. WHEREAS the Eighth schedule to the Constitution specifies 14 major languages of India besides Hindi, and it is necessary in the interest of the educational and cultural advancement of the country that concerted measures should be taken for the full development of these languages;

The House resolves that a programme shall be prepared and implemented by the Government of India, in collaboration with the State Governments for the coordinated development of all these languages, alongside Hindi so that they grow rapidly in richness and become effective means of communicating modern knowledge;

3. WHEREAS it is necessary for promoting the sense of unity and facilitating communication between people in different parts of the country that effective steps should be taken for implementing fully in all States the three-language formula evolved by the Government of India in consultation with the State Governments;

This House resolves that arrangements should be made in accordance with that formula for the study of a modern Indian language, preferably one of the Southern languages, apart from Hindi and English in the Hindi speaking areas and of Hindi alongwith the regional languages and English in the non-Hindi speaking areas.

4. AND WHEREAS it is necessary to ensure that the just claims and interest of people belonging to different parts of the country in regard to the public services of the Union are fully safeguarded;

This House resolves—

(a) that compulsory knowledge of either Hindi or English shall be required at the stage of selection of candidates for recruitment to the Union services or posts except in respect of any special services or posts for which a high standard of knowledge of English alone or Hindi alone, or both as the case may be, is considered essential for the satisfactory performance of the duties of any such service or post; and

(b) that all the languages included in the Eighth Schedule to the Constitution and English shall be permitted as alternative media for the All India and higher Central Services examinations after ascertaining the views of the Union Public Service Commission on the future scheme of the examinations, the procedural aspects and the timing.

Sd/-

R. D. Thapar

Joint Secretary to the Government of India

परिशिष्ट III

राजभाषा संकल्प, 1968

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 18 जनवरी, 1968

संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित निम्नलिखित सरकारी संकल्प आम जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है—

संकल्प

"जबकि संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार संघ की राजभाषा हिन्दी रहेगी और उसके अनुच्छेद 351 के अनुसार हिन्दी भाषा का प्रसार, वृद्धि करना और उसका विकास करना ताकि वह भारत की सामासिक संस्कृति के सब तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम हो सके, संघ का कर्तव्य है;

यह सभा संकल्प करती है कि हिन्दी के प्रसार एवं विकास की गति बढ़ाने के हेतु तथा संघ के विभिन्न राजकीय प्रयोजनों के लिए उत्तरोत्तर इसके प्रयोग हेतु भारत सरकार द्वारा एक अधिक गहन एवं व्यापक कार्यक्रम तैयार किया जाएगा और उसे कार्यान्वित किया जाएगा और किए जाने वाले उपायों एवं की जाने वाली प्रगति की विस्तृत वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट संसद की दोनों सभाओं के पटल पर रखी जाएगी और सब राज्य सरकारों को भेजी जाएगी

2. जबकि संविधान की आठवीं अनुसूची में हिन्दी के अतिरिक्त भारत की 14 मुख्य भाषाओं का उल्लेख किया गया है, और देश की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उन्नति के लिए यह आवश्यक है कि इन भाषाओं के पूर्ण विकास हेतु सामूहिक उपाय किए जाने चाहिए;

यह सभा संकल्प करती है कि हिन्दी के साथ-साथ इन सब भाषाओं के समन्वित विकास हेतु भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों के सहयोग से एक कार्यक्रम तैयार किया जाएगा और उसे कार्यान्वित किया जाएगा ताकि वे शीघ्र समृद्ध हों और आधुनिक ज्ञान के संचार का प्रभावी माध्यम बनें।

3. जबकि एकता की भावना के संवर्धन तथा देश के विभिन्न भागों में जनता में संचार की सुविधा हेतु यह आवश्यक है कि भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों के परामर्श से तैयार किए गए त्रि-भाषा सूत्र को सभी राज्यों में पूर्णतः कार्यान्वित करने के लिए प्रभावी किया जाना चाहिए;

यह सभा संकल्प करती है कि हिन्दी-भाषी क्षेत्रों में, हिन्दी तथा अंग्रेजी के अतिरिक्त एक आधुनिक भारतीय भाषा के, दक्षिण भारत की भाषाओं में से किसी एक को तरजीह देते हुए, और अहिन्दी-भाषी क्षेत्रों में प्रादेशिक भाषाओं एवं अंग्रेजी के साथ-साथ हिन्दी के अध्ययन के लिए उस सूत्र के अनुसार प्रबन्ध किया जाना चाहिए।

4. और जबकि यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि संघ की लोक सेवाओं के विषय में देश के विभिन्न भागों के लोगों के न्यायोचित दावों और हितों का पूर्ण परित्राण किया जाए;

यह सभा संकल्प करती है—

(क) कि उन विशेष सेवाओं अथवा पदों को छोड़कर जिनके लिए ऐसी किसी सेवा अथवा पद के कर्तव्यों के संतोषजनक निष्पादन हेतु केवल अंग्रेजी अथवा केवल हिन्दी अथवा दोनों जैसी कि स्थिति हो, का उच्च स्तर का ज्ञान आवश्यक समझा जाए, संघ सेवाओं अथवा पदों के लिए भर्ती करने हेतु उम्मीदवारों के चयन के समय हिन्दी अथवा अंग्रेजी में से किसी एक का ज्ञान अनिवार्यतः अपेक्षित होगा; और

(ख) कि परीक्षाओं की भावी योजना, प्रक्रिया संबंधी पहलुओं एवं समय के विषय में संघ लोक सेवा आयोग के विचार जानने के पश्चात् अखिल भारतीय एवं उच्चतर केन्द्रीय सेवाओं संबंधी परीक्षाओं के लिए संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित सभी भाषाओं तथा अंग्रेजी को वैकल्पिक माध्यम के रूप में रखने की अनुमति होगी।"

ह०/—
आर० डी० थापर,
संयुक्त सचिव, भारत सरकार

15—223 M. of HA/ND/89

APPENDIX IV

THE OFFICIAL LANGUAGES (USE FOR OFFICIAL PURPOSES OF THE UNION) RULES, 1976 (AS AMENDED, 1987)

G.S.R. 1052.—In exercise of the powers conferred by section 8, read with sub-section (4) of section 3 of the Official Languages Act, 1963 (19 of 1963), the Central Government hereby makes the following rules, namely :—

1. **Short title, extent and commencement.**—(1) These rules may be called the Official Languages (Use for Official Purposes of the Union) Rules, 1976.

(2) They shall extend to the whole of India, except the State of Tamilnadu.

(3) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Definitions.**—In these rules, unless the contex otherwise requires:—

(a) "Act" means the Official Languages Act, 1963 (19 of 1963) ;

(b) "Central Government Office" includes :—

(i) any Ministry, Department or office of the Central Government ;

(ii) any office of a Commission, Committee or Tribunal appointed by the Central Government ; and

(iii) any office of a corporation or company owned or controlled by the Central Government ;

(c) "Employee" means any person employed in a Central Government office ;

(d) "Notified Office" means an office notified under sub-rule (4) of rule (10) ;

(e) "Proficiency in Hindi" means proficiency in Hindi as described in rule 9;

*(f) "Region A" means the States of Bihar, Haryana, Himachal Pradesh, Madhya Pradesh, Rajasthan and Uttar Pradesh and the Union Territories of Andaman and Nicobar Islands and Delhi;

*(g) "Region B" me[illegible]ns the States of Gujarat, Maharashtra [illegible]d Punjab and the Union territory of Ch[illegible]ndigarh ;

(h) "Region C" m[illegible]ns the States and the Union territor[illegible] other than those referred to in clause (f) [illegible]nd (g) ;

(i) "Working kn[illegible]wledge of Hindi" means working know[illegible]dge of Hindi as described in rule 10.

3. **Communicatio[illegible] to States etc. other than to Central Governm[illegible]t offices.**—(1) Communications from a Cent[illegible] Government office to a State or a Union t[illegible]itory in Region 'A' or to any office (not be[illegible] a Central Government office) or person in s[illegible]h State or Union territory shall, save in excep[illegible]onal cases, be in Hindi, and if any commun[illegible]ation is issued to any of them in English it [illegible]ll be accompanied by a Hindi translation the[illegible]of.

(2) Communicatio[illegible] from a Central Government office :—

(a) to a State or U[illegible]ion territory in Region 'B' or to any offi[illegible] (not being a Central Government offic[illegible] in such State or Union territory shal[illegible] ordinarily be in Hindi and if any comm[illegible]nication is issued to any of them in [illegible]nglish, it shall be accompanied by a [illegible]ndi translation thereof :

Provided that if a[illegible] such State or Union territory desires t[illegible]e communications of any particular cla[illegible] or category or those intended for any [illegible] its offices, to be sent, for a period spe[illegible]ied by the Government of the State or U[illegible]ion territory concerned, in English, or i[illegible] Hindi with a translation in the other lan[illegible]age, such communication shall be sent [illegible] that manner ;

(b) to any person [illegible] a State or Union territory of Region 'B [illegible] may be either in Hindi or English.

*Official Languages (use for official purposes of the union) Amendment Rules 1987 No. I /14034/10/87 O.L. (A-1) dated 9 10 87.

परिशिष्ट IV

राजभाषा नियम, (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) 1976 (यथा संशोधित, 1987)

सा० का० नि० 1052—राजभाषा अधिनियम, 1963 (1963 का 19) की धारा 3 की उपधारा (4) के साथ पठित धारा 8 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 है।

(2) इनका विस्तार, तमिलनाडु राज्य के सिवाय सम्पूर्ण भारत पर है।

(3) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं**—इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) "अधिनियम" से राजभाषा अधिनियम, 1963 (1963 का 19) अभिप्रेत है;

(ख) "केन्द्रीय सरकार के कार्यालय" के अन्तर्गत निम्नलिखित भी है, अर्थात् :-

(i) केन्द्रीय सरकार का कोई मंत्रालय, विभाग या कार्यालय ;

(ii) केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त किसी आयोग, समिति या अधिकरण का कोई कार्यालय ; और

(iii) केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में या नियंत्रण के अधीन किसी निगम या कम्पनी का कोई कार्यालय

(ग) "कर्मचारी" से केन्द्रीय सरकार के कार्यालय में नियोजित कोई व्यक्ति अभिप्रेत है;

(घ) "अधिसूचित कार्यालय" से नियम 10 के उप-नियम (4) के अधीन अधिसूचित कार्यालय, अभिप्रेत है;

(ङ) "हिन्दी में प्रवीणता" से नियम 9 में वर्णित प्रवीणता अभिप्रेत है ;

*(च) "क्षेत्र क" से बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्य और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र अभिप्रेत हैं;

*(छ) "क्षेत्र ख" से गुजरात, महाराष्ट्र और पंजाब राज्य और चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र अभिप्रेत है;

(ज) "क्षेत्र ग" से खण्ड (च) और (छ) में निर्दिष्ट राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से भिन्न राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्र अभिप्रेत है;

(झ) "हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान" से नियम 10 में वर्णित कार्यसाधक ज्ञान अभिप्रेत है।

3. **राज्यों आदि और केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों से भिन्न कार्यालयों के साथ पत्रादि**—(1) केन्द्रीय सरकार के कार्यालय से क्षेत्र 'क' में किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र को या ऐसे राज्य या संघ राज्यक्षेत्र में किसी कार्यालय (जो केन्द्रीय सरकार का कार्यालय न हो) या व्यक्ति को पत्रादि असाधारण दशाओं को छोड़कर हिंदी में होंगे और यदि उनमें से किसी को कोई पत्रादि अंग्रेजी में भेजे जाते हैं तो उनके साथ उनका हिन्दी अनुवाद भी भेजा जाएगा।

(2) केन्द्रीय सरकार के कार्यालय से—

(क) क्षेत्र "ख" में किसी राज्य या संघ राज्यक्षेत्र को या ऐसे राज्य या संघ राज्यक्षेत्र में किसी कार्यालय (जो केन्द्रीय सरकार का कार्यालय न हो) को पत्रादि मामूली तौर पर हिन्दी में होंगे और यदि इनमें से किसी को पत्रादि अंग्रेजी में भेजे जाते हैं तो उनके साथ उनका हिन्दी अनुवाद भी भेजा जाएगा :—

परन्तु यदि कोई ऐसा राज्य या संघ राज्य क्षेत्र यह चाहता है कि किसी विशिष्ट वर्ग या प्रवर्ग के पत्रादि या उसके किसी कार्यालय के लिए आशयित पत्रादि संबद्ध राज्य या संघ राज्य क्षेत्र की सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट अवधि तक अंग्रेजी या हिन्दी में भेजे जाएं और उसके साथ दूसरी भाषा में उसका अनुवाद भी भेजा जाए तो ऐसे पत्रादि उसी रीति से भेजे जाएंगे।

(ख) क्षेत्र 'ख' के किसी राज्य या संघ क्षेत्र में किसी व्यक्ति को पत्रादि हिन्दी या अंग्रेजी में भेजे जा सकते हैं।

---

*राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) संशोधन नियम 1987 सं० 1/14034/10/87-रा० भा० (क-I) दिनांक 9-10-87

(3) Communications from a Central Government office to a State or Union territory in Region 'C' or to any office (not being a Central Government office) or person in such State shall be in English.

(4) Notwithstanding anything contained in sub-rules (1) and (2), communications from a Central Government office in Region 'C' to a State or Union territory of Region 'A' or Region 'B' or to any office (not being a Central Government office) or person in such State may be either in Hindi or in English :

Provided that communications in Hindi shall be in such proportion as the Central Government may, having regard to the number of persons having working knowledge of Hindi in such offices, the facilities for sending communications in Hindi and matters incidental thereto determine from time to time :

4. **Communications between Central Government Offices**—

(a) between one Ministry or Department of the Central Government and another may be in Hindi or in English ;

(b) between one Ministry or Department of the Central Government and attached or subordinate offices situated in Region 'A' shall be in Hindi and in such proportion as the Central Government may, having regard to the number of persons having a working knowledge of Hindi in such offices, the facilities for sending communications in Hindi and matters incidental thereto, determine from time to time ;

(c) between Central Government offices situated in Region 'A' other than those specified in clause (a) or clause (b), shall be in Hindi ;

(d) between Central Government offices situated in Region 'A' and offices in Region 'B' or Region 'C' may be in Hindi or in English ;

